
# श्री कलसेश्वराय नमः

श्री प्रकाश .टी.एस. M.A. BEd
सरकारी हाईस्कूल
बालेहोले
मूडिगेरे तालुक
चिक्कमगलूर जिला




ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳೇ,

ನಮ್ಮ ಜೀವನದಲ್ಲೀ ಅಸಾದ್ಯವಾದದ್ದು ಯಾವುದೂ ಇಲ್ಲ ಮನಸಿದ್ದರೆ ಮಾರ್ಗ. ಏನು ಬೇಕಾದರೂ ಸಾಧಿಸಬಹುದು, ಜೀವನದ ಯಶಸ್ಸಿನ ಗುಟ್ಟು ಅಡಗಿರುವುದು ಗುರಿ, ಶ್ರದ್ದೆ, ಹಾಗೂ ಶ್ರಮದಲ್ಲಿ ಮಾತ್ರ

ಅಂದರೆ ಮೊದಲು ಮುಂದೆ ನಾನೇನಾಗಬೇಕೆಂಬ ಗುರಿ ಇರಬೇಕು ನಂತರ ಓದಿನಲ್ಲಿ ಶ್ರದ್ದೆ ಇರಬೇಕು, ಶ್ರಮ ಪಡಬೇಕು (ನಿರಾಶಾವಾದಿಗಳಾಗಬಾರದು, ಆತ್ಮವಿಶ್ವಾಸವಿರಬೇಕು, ಅವಿರತ ಪ್ರಯತ್ನವಿರಬೇಕು ) ಆಗ ಮಾತ್ರ ನಾವು ಯಶಸ್ಸು ಸಾಧಿಸಲು ಸಾದ್ಯ.

ಆರನೇ ತರಗತಿಯಲ್ಲಿ ಅನುತ್ತೀರ್ಣಳಾದ ರುಕ್ಮಿಣಿ ನಾಯರ್ ಎಂಬ ಹುಡುಗಿ ನಂತರ ಛಲದಿಂದ ಓದಿ ಇಂದು ಜಿಲ್ಲಾದಿಕಾರಿ (ಡಿ,ಸಿ) ಯಾಗಿದ್ದಾರೆ ಎಂದರೆ ಅದಕ್ಕೆ ಕಾರಣ ಅನುತ್ತೀರ್ಣಳಾದ ನಂತರ ಆಕೆಯು ತೆಗೆದುಕೊಂಡ ಆ ನಿರ್ಧಾರ ಅವಳಲಿದ್ದ ಗುರಿ, ಶ್ರಮ ,ಶ್ರದ್ದೆ. ಹಾಗಾದರೆ ನೀವೇಕೆ ಈಕೆಯಂತೆ ಓದುವ ನಿರ್ಧಾರ ಮಾಡಬಾರದು? ಅನುತ್ತೀರ್ಣಳಾಗುತ್ತಿದ್ದ ಆ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಯಲ್ಲೇ ಅಂತಹ ಶಕ್ತಿ ಇರುವಾಗ ಪ್ರತಿವರ್ಷವು ಉತ್ತೀರ್ಣರಾಗುತ್ತಿರುವ ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ಆ ಶಕ್ತಿ ಇಲ್ಲವೇ ? ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳೇ ಮರೆಯ ದಿರಿ ನಿಮ್ಮ ಏಳ್ಗೆಗೆ ( ಯಶಸ್ಸಿಗೆ ) ನೀವೇ ಶಿಲ್ಪಿ , ನಿಮ್ಮ ಮುಂದಿನ ಭವಿಷ್ಯ ನಿಮ್ಮ ಶ್ರಮದಲ್ಲಿ ಅಡಗಿದೆ.

ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ಕೇವಲ ನಾನು ಪಾಸಾಗಬೇಕೆಂಬ ಮನೋಭಾವವಿದ್ದರೆ ಸಾಲದು ನಾನು ನೂರಕ್ಕೆ ನೂರು ಅಂಕ ಗಳಿಸಲೇಬೇಕೆಂಬ ಛಲವಿರಬೇಕು, ಅವಿರತ ಪ್ರಯತ್ನವಿರಬೇಕು.

ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳೇ ನಿಮಗೆ ಅರ್ಥವಾಗದ ಯಾವುದೇ ಪಠ್ಯಸಂಬಂಧಿ ವಿಷಯವನ್ನು ಧೈರ್ಯವಾಗಿ ಸಂಬಂದಿಸಿದ ಶಿಕ್ಷಕರೊಂದಿಗೆ ಕೇಳಿ ಪರಿಹರಿಸಿಕೊಳ್ಳಿ ಇಲ್ಲದಿದ್ದಲ್ಲಿ ನೀವು ನಿಮಗೆ ಮಾಡಿಕೊಂಡ ಆತ್ಮ ವಂಚನೆಯಾಗುತ್ತದೆ.

ಒಮ್ಮೆ ಯೋಚಿಸಿ ನೋಡಿ, ಶಿಕ್ಷಕರೊಂದಿಗೆ ಕೇಳಿ ಪರಿಹರಿಸಿಕೊಳ್ಳದ, ನಿಮಗೆ ಅರ್ಥವಾಗದ, ಆ ಪ್ರಶ್ನೆಯೇ ಪರೀಕ್ಷೆಗೆ ಬಂದಿದ್ದರೆ ಏನು ಮಾಡುತ್ತೀರಿ? ಇದು ಯಾರ ತಪ್ಪಾಗುತ್ತದೆ? ಹಾಗಾಗಿ ಇಂದಿ ನಿಂದಲೇ ಧೈರ್ಯವಾಗಿ ಪಠ್ಯಸಂಬಂದಿ ಸಮಸ್ಯೆಯನ್ನು ಶಿಕ್ಷಕರಿಂದ ಕೇಳಿ ಪರಿಹರಿಸಿಕೊಳ್ಳುವ ಅಭ್ಯಾಸ ಬೆಳೆಸಿಕೊಳ್ಳಿ.

ಸಮಯ ಎಂಬುವುದು ತುಂಬಾ ಅಮೂಲ್ಯವಾದದ್ದು, ಕಳೆದುಹೋದ ಸಮಯವನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪಡೆಯಲು ಸಾದ್ಯವಿಲ್ಲ. ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳೇ ಯೋಚಿಸಿ, ಪರೀಕ್ಷೆ ಹಾಗೂ ಪರೀಕ್ಷೆಯ ಹಿಂದಿನ ದಿನ ಒಂದೇ ದಿನದಲ್ಲಿ ಸುಮಾರು ಮುವತ್ತು – ನಲವತ್ತು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳಿಗೆ ಉತ್ತರ ಕಲಿಯುತ್ತೀರ ಹೌದೋ ಇಲ್ಲವೋ ? ಹೀಗೆ ಒಂದೇ ದಿನದಲ್ಲಿ ಸುಮಾರು ಮುವತ್ತು – ನಲವತ್ತು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳಿಗೆ ಉತ್ತರ ಕಲಿಯುವ ಸಾಮರ್ಥ್ಯ ಹಾಗೂ ಬುದ್ದಿಶಕ್ತಿ ಇರುವ ನೀವು ಪ್ರತಿ ದಿನ ಈ ಸಾಮರ್ಥ್ಯವನ್ನು ಏಕೆ ಬಳಸಿಕೊಳ್ಳುವುದಿಲ್ಲ ? ನಿಮ್ಮ ಈ ಸಾಮರ್ಥ್ಯವನ್ನು ಬಳಸಿಕೊಂಡರೆ ನೀವು ಕೂಡ ನೂರಕ್ಕೆ ನೂರು ಅಂಕವನ್ನು ಪಡೆಯಬಹುದು ಅಲ್ಲವೇ ?

ಇಂದಿನಿಂದಲೇ ನಿಮ್ಮ ಈ ಬುದ್ದಿಶಕ್ತಿ ಸಾಮರ್ಥ್ಯವನ್ನು ಬಳಸಿಕೊಂಡು ಶಾಲೆಗೆ ಹಾಗೂ ತಂದೆ–ತಾಯಿಗೆ ಮತ್ತು ಊರಿಗೆ ಕೀರ್ತಿ ತರುವ ಮಕ್ಕಳಾಗುತ್ತೀರೆಂಬ ಆಶಾವಾದಿಯಾಗಿದ್ದೇನೆ ನಿಮ್ಮ ಯಶಸ್ಸಿನ ನಿರೀಕ್ಷೆಯಲ್ಲಿ ಶುಭಹಾರೈಕೆಗಳೊಂದಿಗೆ

ಶ್ರೀ ಪ್ರಕಾಶ್. ಟಿ.ಎಸ್.
ಹಿರಿಯ ಸಹ ಶಿಕ್ಷಕರು,
ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ, ಬಾಳೆಹೊಳೆ.

## पाठ– 1 मातृभूमि

**कवि परिचय :** भगवतीचरण वर्मा

जन्म और जन्म स्थल : सन् 30 आगस्त 1903 उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिला के शफीपुर गाँव में हुआ ।

कार्य क्षेत्र : विचार और नवजीवन पत्रिका के संपादक थे और आकाशवाणी में काम किया है।

पुरस्कार : भूले – बिसरे चित्र को साहित्य अकादमी पुरस्कार

रचनाएँ : उपन्यास : चित्रलेख उपन्यास पर दो बार फिल्म निर्माण हुआ है ।
टेढे–मेढे रास्ते , पतन , तीन वर्ष अपने खिलौने

कहानी संग्रह : मेरी कहानियाँ , संपूर्ण कहानियाँ , मोर्चबंदी

कविता संग्रह : मेरी कविताएँ , सविनय और एक नाराज

नाटक : मेरे नाटक , बसीयत ।

मृत्यु : सन् 5 अक्तूबर 1981

**शब्दार्थ** : सुहाने = सुंदर , धाम = घर

**युग्म शब्द :** : हरे–भरे , फल–फूल , वन–उपवन , सुख संपत्ति , धन–धाम

**द्विरुक्ति** : शत–शत , कोटि–कोटि

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. कवि किसे प्रणाम कर रहे है ?**

**उत्तर** :– कवि मातृभूमि को प्रणाम कर रहे है ।

**2. भारत माँ के हाथों में क्या है ?**

**उत्तर** :– भारत माँ के एक हाथ न्याय पताका और दूसरे हाथ में ज्ञान दीप है ।

**3. आज माँ के साथ कौन है ?**

**उत्तर** :–आज माँ के साथ करोडों लोग है ।

**4. सभी ओर क्या गूँज उठा है ?**

**उत्तर** :– सभी ओर जय हिंद का नाद गूँज उठा है ।

**5. भारत के खेत कैसे है ?**

**उत्तर** :– भारत के खेत हरे–भरे और सुहाने है ।

**6. भारत भूमि के अंदर क्या–क्या भरा हुआ है ?**

**उत्तर** :– भारत भूमि के अंदर बहुत खनिज संपदा भरा हुआ है ।

**7. सुख–संपत्ति , धन–धाम को माँ कैसे बाँट रही है ?**

**उत्तर** :– सुख–संपत्ति , धन–धाम को माँ मुक्त हाथों से बाँट रही है ।

**8. जग के रूप को बदलने के लिए कवि किससे निवेदन करते है ?**

**उत्तर**:–जग के रूप को बदलने के लिए कवि भारत वासियों से निवेदन करते है।

GHS BALEHOLE

**9. जय–हिंद का नाद कहाँ–कहाँ पर गूँजना चाहिए ?**

**उत्तर** :– जय–हिंद का नाद सारे नगर और गाँवों पर गूँजना चाहिए ।

## दो– तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. भारत माँ के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।**

**उत्तर** :– * भारत की माँ हरे भरे खेतों से सुंदर है यहाँ फल– फूलों से युक्त वन उपवन है ।
* और इस धरती में अमूल्य खनिजों की अपार संपदा है इस प्रकार भारत की माँ सुख संपत्ति और धन–धान्य से भरे है ।

**2. मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?**

**उत्तर**:* भरत माँ के एक हाथ में न्याय पताका और दूसरे हाथ में ज्ञान दीप है ।
* इस हिंदुस्थान में गांधी, बुद्ध, राम आदी महान पुरुषों का जन्म हुआ हैं
* भारत की माँ हरे भरे खेतों से सुंदर है यहाँ फल–फूलों से युक्त वन उपवन हैं ।
* और इस धरती में अमूल्य खनिजों की अपार संपदा है
इस प्रकार भारत की माँ सुख संपत्ति और धन–धान्य से भरे है ।

## अनुरूपता

1 बसीयत : नाटक : : चित्रलेखा : ..........................

2.शत–शत : द्विरुक्ति : : हरे–भरे : ..........................

3 बायें हाथ में न्याय पताका : : दाहिने हाथ में : ...............

4.हस्थ : हाथ : : पताका : ..............................

**उत्तर** : 1 उपन्यास 2 युग्म 3 ज्ञान–दीप 4 झंडा

## जोडकर लिखिए :

| **अ. भाग** | **आ. भाग** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 1. तेरे उर में शायित | अ. वन उपवन | गाँधी, बुद्ध और राम |
| 2. फल फूलों से युक्त | आ. आज साथ में | वन उपवन |
| 3. एक हाथ में | इ. कितना व्यापक | न्याय पताका |
| 4. कोटि–कोटि हम | ई. शत–शत बार प्रणाम | आज साथ में |
| 5. मातृ–भू | उ. न्याय पताका | शत–शत बार प्रणाम |
| | ऊ. गाँधी, बुद्ध और राम | |

## रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

1. कवि मातृभूमि को..............बार प्रणाम कर रहे है ।
2. भारत माँ के उर में गाँधी, बुद्ध और राम ...................है ।
3. वन उपवन .................से युक्त है ।
4. .................हस्थ से मातृभूमि सुख संपत्ति बाँट रही है ।

GHS BALEHOLE

5. सभी ओर .................का नाद गुँज उठे ।

**उत्तर :–** 1. शत–शत  2.शायित 3. फल–फूलों  4. मुक्त  5. जय–हिंद

**भावार्थ लिखिए :**

एक हाथ में न्याय पतका ,
ज्ञान दीप दूसरे हाथ में ,
जग का रूप बदल दे , हे माँ ,
कोटि–कोटि हम आज साथ में ।
गूँज उठे जय–हिंद नाद से –
सकल नगर और ग्राम ,
मातृ–भूँ , शत–शत बार प्रणाम ।

**उत्तर :–** इस कविता को कवि भगवतीचरण वर्मा द्वारा विरचित प्रभो नामक कविता से लिया गया है ।

* भारत माँ के एक हाथ में न्याय पताका और दूसरे हाथ में ज्ञान दीप है ।

* आज माँ के साथ करोडों लोग हैं । उनसे जय हिंद का नाद सकल नगर और ग्राम में गूँजता है

* वे सौ सौ बार मातृभूमि को प्रणाम कर रहे हैं ।

उपर्युक्त पंक्तियों में देशप्रेम की झलक दिखाई देती है ।

**पद्य भाग को पूर्ण करे :**

**हरे–भरे ................................................ प्रणाम ।**

**उत्तर** :– हरे–भरे है खेत सुहाने
फल फूलों से युत वन–उपवन
तेरे अंदर भरा हुआ है
खनिजों का कितना व्यापक धन ।
मुक्त–हस्त तू बाँट रही है
सुख–संपत्ति धन–धाम,
मातृ–भू शत–शत बार प्रणाम ।

**अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :**

**1. किस कविता में देशप्रेम की झलक दिखाई देती है ?**

**उत्तर** :– मातृभूमि कविता में देशप्रेम की झलक दिखाई देती है ।

**2. विचार और नवजीवन पत्रिअकाओं के संपादक कौन थे ?**

**उत्तर** :– भगवतीचरण वर्म विचार और नवजीवन पत्रिअकाओं के संपादक थे ।



GHS BALEHOLE

3. **भगवतीचरण वर्मा के किस उपन्यास पर दो बार फिल्म निर्माण हुआ है ?**
**उत्तर** :– : भगवतीचरण वर्म के चित्रलेख उपन्यास पर दो बार फिल्म निर्माण हुआ है ।_
**4. भगवतीचरण वर्म के किस कृति को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है ?**
**उत्तर** :– भूल–बिसरे चित्र को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है ।

## पाठ– 2 कश्मीरी सेब

**लेखक का नाम : मुंशी प्रेमचंद** **पाठ की विधा : कहानी**

**जन्म और जन्म स्थल :** वाराणासी के पास लमही गाँव में 31 जुलाई 1880 में हुआ ।

**प्रमुख रचनाएँ : उपन्यास :** गोदान, सेवा सदन , गबन, निर्मला, कर्मभूमि आदी ।

**प्रसिद्ध कहानियाँ :** पंच परमेश्वर,नाम का दरोगा,बडे घर की बेटी,पूस की रात आदी ।

**कहानियों का संग्रह :** मानसरोवर ।

**वास्तविक नाम :** धनपत राय ।

**उपाधी** : उपन्यास सम्राट

### एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

1. लेखक चीजे खरीदने काहाँ गये थे
   **उत्तर:** लेखक चीजे खरीदने बाजार गये थे ।
2. लेखक को क्या नजर आया ?
   **उत्तर:** दूकान पर बहुत अच्छे रंगदार ,गुलाबी सेब सजे हुए नजर आया ।
3. लेखक का जी क्यों ललचा उठा ?
   **उत्तर** : रंगदार गुलाबी सेबों को देखकर लेखक जी ललचा उठा ।
4. टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया था ?
   **उत्तर:** टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया था ।
5. स्वाद में सेब किससे बढकर नहीं है ?
   **उत्तर:** स्वाद में सेब आम से बढकर नहीं है ।
6. रोज एक सेब खाने से किनकी जरूरत नहीं होगी ?
   **उत्तर:** रोज एक सेब खाने से डाक्टर की जरूरत नहीं होगी ।

### दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1) आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है?
   **उत्तर:** आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के बारे में विचार किया जाता है।
2) दूकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

GHSBALEHOLE

**उत्तर:** दूकानदार ने लेखक से कहा की ‘ बाबूजी , बडे मजेदार सेब आए हैं, खास कश्मीर के। आप ले जाए , खाकर तबीयत खुश हो जायेगी ।

3) दूकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा ?

**उत्तर**: दूकानदार ने अपने नौकर से कहा कि सुनो, आधा सेर कश्मीरी सेब निकाल ला । चुनकर लाना ।

4) सेब की हालत के बारे में लिखिए ।

**उत्तर:** * पहला सेब सडाकर एक रुपये का आकार का छिलका गला हुआ था ।
* दूसरा सेब आधा सडा हुआ था ।
* तीसरा सेब एक तरफ दबकर पिचक गया था ।
* और चौथा सेब में काला सुराखा था । जैसे अक्सर बेरों में होता है ।

## जोडकर लिखिए :

1) सेब को रूमाल में बाँधकर – प्रात:काल है ।
2) फल खाने का समय तो — मुझे दे दिया ।
3) एक सेब भी खाने – बनी हुई थी ।
4) व्यापारियों की साख — लायक नहीं ।
5) **उत्तर:** 1. मुझे दे दिया । 2. प्रात:काल है । 3. लायक नहीं । 4. बनी हुई थी ।

## विलोम शब्द लिखिए :

शाम × सुबह
अच्छा × बुरा
खरीदना × बेचना
बहुत × कम
शिक्षित × अशिक्षित
आवश्यक × अनावश्यक
गरीब × आमीर
रात × दिन
संदेह × निस्संदेह
साफ × मैला
बेईमान × ईमान
विश्वास × अविश्वास
सहयोग × असहयोग

GHS BALEHOLE

हानी × लाभ

पास × दूर

अन्यवचन रूप लिखिए :

चीजें– चीज

रास्ता – रास्ते

फल – फल

घर – घर

रुपए – रुपया

आँखें – आँख

कर्मचारी – कर्मचारीयाँ

व्यापारी – व्यापारीगण

रेवडी – रेवडियाँ

दूकान – दूकानें

अनुरूपता

1) केला : पीला रंग :: सेब : गुलाबी रंग
2) सेब : फल :: गाजर : सब्जी
3) नागपुर : संतरा :: कश्मीर : सेब
4) कपडा : नापना :: टोमाटो : तोलना

### निम्न लिखित वाक्यों को सही क्रम से लिखिए :

1) गाजर गरीबों भी पहले के पेट की चीज भरने थी ।
   **उत्तर:** गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज थी ।
2) अब चीज नहीं है वह केवल स्वाद की ।
   **उत्तर:** अब केवल वह स्वाद की चीज नहीं है ।
3) नहीं लायक खाने भी सेब एक ।
   **उत्तर:** एक सेब भी खाने लायक नहीं ।
4) मालूम हुई घर आकर अपनी भूल ।
   **उत्तर** : घर आकर अपनी भूल मालूम हुई ।

### अपनी मातृभाषा कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

1. गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज थी ।
   उत्तर : ಕ್ಯಾರಟ್ (ಗಜ್ಜರಿಯು) ಕೂಡ ಮೊದಲು ಬಡವರ ಹೊಟ್ಟೆ ತುಂಬಿಸುವ ವಸ್ತುವಾಗಿತ್ತು.
2. दूकानदार ने कहा– बडे मजेदार सेब आए हैं ।



GHS BALEHOLE

उत्तर : ಅಂಗಡಿಯವನು ಹೇಳಿದ ತುಂಬಾ ರುಚಿಕರವಾದ ಸೇಬು ಬಂದಿದೆ.

3. एक सेब भी खाने लायक नहीं ।

उत्तर : ಒಂದು ಸೇಬು ಕೂಡ ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾಗಿಲ್ಲ.

4. दूकानदार ने मुझसे क्षमा माँगी ।

उत्तर : ಅಂಗಡಿಯವನು ನನ್ನ ಬಳಿ ಕ್ಷಮೆ ಕೇಳಿದನು.

## पाठ – 3 गिल्लू

**लेखिका का परिचय ।**

**जन्म –मृत्यु:–** 24 मार्च 1907 फरूखाबाद में हुआ । **मृत्यु** :– सितंबर सन 1987

**माता–पिता :–** हेमाराणी और गोविंद प्रसाद वर्मा

**प्रमुख रचनाएँ** :– यामा ,नीरज , निहार , संध्यागीत , दीपशिखा अतीत के चलचित्र ,मेरा परिवार , पथ के साथी , श्रृंखला की कडिया

**पुरस्कार :–** ज्ञानपठ पुरस्कार , मंगल प्रसाद , द्विवेदी , सेक्सरिया ।

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. लेखिका ने कौए को क्यों विचित्र पक्षी कहा है ?**

उत्तर:– क्योंकि कौए कभी समादरित ,अनादरित , अति सम्मानित , अति अवमानित विचित्र पक्षी है । इसलिए विचित्र पक्षि कहा है ।

**2. गिलहरि का बच्चा कहाँ पर पडा था ?**

उत्तर :– गिलहरि का बच्चा गमले और दिवार के बीच पर पडा था ।

**3. लेखिका ने गिल्लू के घावों पर क्या लगाया ?**

उत्तर :– लेखिका ने गिल्लू के घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया ।

**4. लेखिका को किस कारण से अस्पताला में रहना पडा ?**

उत्तर :–मोटार दुर्घटना में घायल होने के कारण लेखिका को अस्पताल में रहना पडा ।

**5. गिलहरि का प्रिय खाद्य क्या था ?**

उत्तर :– गिलहरि का प्रिय खाद्य काजू था ।

**6. वर्मा जी गिलहरी को किस नाम से (पुकारती) बुलाती थी ?**

उत्तर :– वर्मा जी गिलहरी को गिल्लू नाम से (पुकारती) बुलाती थी ।

**8. गिलहरी का लघु गात किसके भीतर बंद रहता था ?**

उत्तर:– गिलहरी का लघु गात लिफाफों के भीतर बंद रहता था ।

**9. गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था ?**

उत्तर :– गिलहरी गर्मी के दिनों में सुराही पर लेट जाता था ।

**10. गिलहरी की जीवनावधि सामान्यतया कितनी होती है ?**

उत्तर :– गिलहरी की जीवनावधि सामान्यतया दो वर्ष होती है ।

GHS BALEHOLE

**11. गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी है ?**

उत्तर :– गिलहरी की समाधि सोनजूही की लता के नीचे बनायी गयी है ।

## दो– तीन वाक्यों मे उत्तर लिखिए :

**1.लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?**

**उत्तर :–** लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू लेखिका के पैर के पास आकर सर्र से परदे पर चढ जाता और तेजी से उतरता था ।

**2 महादेवी वर्मा को चौंकाने के लिए वह (गिल्लू) कहाँ–कहाँ छिप जाता था ?**

उत्तर :–* महादेवी वर्मा को चौंकाने के लिए वह (गिल्लू) फूलदान के फूलों में छिप जाता,

* परदे पर चढ जाता और तेजी से उतरता था ,
* कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता था ।

**3. लेखिका को गिलहरी किस स्थिति में दिखायी पडी ?**

उत्तर :– कौओं की चोंच से घायल होकर निश्चेष्ट अवस्था में गिलहरी लेखिका को दिखायी पडी ।

**4. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?**

उत्तर :– लेखिका ने घायल गिल्लू को धीरे से उठाकर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया । इस तरह गिल्लू के प्राण बचाये ।

**5. गिल्लू ने लेखिका की गैर हाजरी में दिन कैसे बिताये ?**

उत्तर :– लेखिका की गैर हाजरी में कमरे में दूसरे व्यक्ति को देखकर गिल्लू अपने घोंसले में जा बैठता है लेखिका अस्पताल से लौंटने तक अपने प्रिय खाद्य काजू तक न खाया । दु:ख और निराशा से दिन बिताया ।

## चार –छ: वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. लेखिका ने गिलहरी को क्या–क्या सिखाया ?**

उत्तर :– * लेखिका खाते समय गिल्लू थाली के पास बैठकर एक–एक चावल उठाकर खाना सिखायी ।

* कभी लेखिका लिखने बैठी तो गिल्लू तंग करती थी तब लेखिका लिफाफों के भीतर बंदकर अनुशासन सिखायी ।

**2. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।**

उत्तर :– * गिल्लू अपने अंतिम दिन सुबह से न कुछ खाया , न बाहर गया ,

* उसके पंजे ठंडे हो गए थे लेखिका ने उसे गरम रखने का प्रयत्न किया
* लेकिन प्रभात की प्रथम किरण के साथ गिल्लू चिर निद्रा में सो गया ।

**3. गिल्लू के कार्य कलाप के बारे में लिखिए ।**

उत्तर :– * लेखिका लिखने बैठी तो गिल्लू लेखिका के पैर के पास आकर सर्र से परदे पर

GHS BALEHOLE

चढ जाता और  तेजी से उतरता था ।

* कभी–कभी गिल्लू घंटों तक अपनी चमकीले आँखों से लेखिका के कार्य कलाप को देखते–देखते लेखिका को आकर्षित करता था ।
* भूख लगने पर चिक–चिक कहता था ।
* और बाहर के गिलहरियों  के साथ खेलता था ।

शाम होते ही वापस आता था इस प्रकार गिल्लु का कार्य कलाप था ।

**4. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए ।**

उत्तर :– * जब गिल्लू कौओं की चोंच से घायल हुआ तब महादेवी वर्मा उसे उठाकर पेन्सिलिन का मरहम लगाया ।

* गिल्लू के लिए डलिया में रुई बिछाकर लटका दिया ।
* लेखिका खाते समय अपनि थाली के पास बिठाकर खाना सिखाई ।
* रोज गिल्लू के प्रिय आहार काजू और बिस्कुट देती ।
* गिल्लू के अंतिम दिनों में भी प्यार से देखती और गिल्लू मरने पर रोती है ।

इस प्रकार गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता  है ।

**रिक्त स्थान भरिए :**

1. यह .................................. भी विचित्र पक्षी है ।
2. उसी बीच मुझे ............ में आहत होकर कुछ दिन अस्पताल में रहना पडा ।
3. गिल्लू की .................... का अंत आ ही गया ।
4. मेरे पास बहुत ............... हैं ।
5. गिल्लू के जीवन का प्रथम .......... आया ।

**उत्तर** :– 1. काकभुशुण्डि  2. मोटार दुर्घटना   3. पशु–पक्षी  4. जीवन यात्रा   5. बसंत

**अनुरूपता :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 सन् 1907 | : महादेवी वर्माजी का जन्म । | :: | सन् 1987 | : | ............................ |
| 2 गुलाब | : पौधा | :: | सोनजूही | : | ............................ |
| 3.हंस | : सफेद | :: | कौआ | : | ............................ |
| 4 बिल्ली | : म्याऊ–म्याऊ | :: | गिल्लू | : | ............................ |
| 5 कोयल | : मधुर स्वर | :: | कौआ | : | ............................ |

उत्तर : 1 महादेवी वर्माजी का निधन  2 लता  3 काला  4 चिक–चिक  5 कर्कश स्वर

**कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए ।**



GHS BALEHOLE

1. कई घंटे के उपचार के उपरांत मुँह में एक बूँद पानी टपकाया ।

उत्तर :– ಬಹಳ ಸಮಯದ ಆರೈಕೆಯ ನಂತರ ಬಾಯಿಂದ ಒಂದು ಹನಿ ನೀರು ಉದುರಿತು

2. इतने छोटे जीव को घर में पले कुत्ते बिल्लियों से बचाना ही एक समस्या ही थी ।

उत्तर :– ಇಷ್ಟೊಂದು ಚಿಕ್ಕ ಜೀವಿಯನ್ನು ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಸಾಕಿರುವ ನಾಯಿ, ಬೆಕ್ಕುಗಳಿಂದ ಸಂರಕ್ಷಿಸುವುದು ಒಂದು ದೊಡ್ಡ ಸಮಸ್ಯೆಯಾಗಿತ್ತು

3. दिन भर गिल्लू ने न कुछ खाया , न बाहर गया ।

उत्तर :– ಹಗಲೆಲ್ಲ ಗಿಲ್ಲು ಏನನ್ನು ತಿನ್ನಲಿಲ್ಲ, ಹೊರಗೂ ಹೋಗಲಿಲ್ಲ .

4. गिल्लू मेरे पास रखी सुराही पर लेट जाता था ।

उत्तर :– ಗಿಲ್ಲು ನನ್ನ ಬಳಿ ಇಟ್ಟದ್ದ ನೀರಿನ ಪಾತ್ರೆಯ ಮುಚ್ಚುಳದ ಮೇಲೆ ಮಲಗುತ್ತಿತ್ತು.

## दिए–गए सही स्त्रीलिंग शब्दों को चुनकर संबध्द पुल्लिंग शब्द के आगे लिखिए

| पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1. **लेखक** | – | लेखिका |
| 2. **श्रीमान** | – | श्रीमती |
| 3. **मयूर** | – | मयूरी |
| 4. **कुत्ता** | – | कुतिया |

## रिक्त स्थान भरिए :

| एकवचन | | बहुवचन |
|---|---|---|
| 1. **उँगली** | – | उँगलियाँ |
| 2. **आँख** | – | आँखें |
| 3. **पूँछ** | – | पूँछें |
| 4. **खिडकी** | – | खिडकियाँ |
| 5. **फूल** | – | फूल |
| 6. **पंजा** | – | पंजे |
| 7. **लिफाफ** | – | लिफाफे |
| 8. **कौआ** | – | कौए |
| 9. **गमला** | – | गमले |
| 10. **घोंसला** | – | घोंसले |

## उदाहरण के अनुसार प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :

| क्रिया शब्द | प्रथम प्रे. क्रिया | द्वितीय प्रे. क्रिया |
|---|---|---|
| 1.चिपकना | चिपकाना | चिपकवाना |
| लिखना | लिखाना | लिखवाना |



GHS BALEHOLE

| | | |
|---|---|---|
| **मिलना** | मिलाना | मिलवाना |
| **2. देखना** | दिखाना | दिखवाना |
| **छेडना** | छिडाना | छिडवाना |
| **भेजना** | भिजाना | भिजवाना |
| **3. सोना** | सुलाना | सुलवाना |
| **रोना** | रुलाना | रुलवाना |
| **धोना** | धुलाना | धलवाना |
| **4. पीना** | पिलाना | पिलवाना |
| **सीना** | सिलाना | सिलवाना |
| **5. खाना** | खिलाना | खिलवाना |
| **6. चौंकना** | चौंकाना | चौंकवाना |

## विलोमार्थक शब्द लिखिए :

**निकट** × **दूर** **1.दिन** × रात **2.भीतर** × बाहर **3.चढना** × उतरना **4.विश्वास** × **अविश्वास** **5.प्रिय** × अप्रिय **6. संतोश** × असंताष **7.स्वस्थता** × अस्वस्थता **8.आदर** × अनादार

**1.उपयोगि** × अनुपयोगी **2.उपस्थित** × अनुपस्थित **3.उचित** × अनुचित **4.ईमान** × बेईमान

**1. होश** × बेहोश **2. खबर** × बेखबर **3. रोजगार** × बेरोजगार

## समानार्थक शब्दों को चुनकर लिखिए :

| | | |
|---|---|---|
| **उदाहरण :– उपचार** | **चिकित्सा** | **इलाज** |
| **1. गात** | शरीर | देह |
| **2. आहार** | भोजन | खाना |
| **3. विस्मय** | आश्चर्य | अचरज |
| **4. हिम्मत** | साहस | धैर्य |
| **5. खोज** | तलाश | ढूँढ |

## कारक शब्द ।

गमले के चारो ओर – संबंध कारक

1 मुँह में एक बूँद पानी – अधिकरण कारक

2 गिल्लू को पकडकर – कर्म कारक

3 जीवन का प्रथम संबंध – संबंध कारक



GHS BALEHOLE

4 खिडकी की खुली जाली – संबंध कारक
5 मैंने कीलें निकालकर – कर्ता कारक
6 झूले से उतरकर – अपादान कारक
7 सुराही पर लेट जाता – अधिकरण कारक
8 कुछ पाने के लिए – संप्रदान कारक

**अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :**

**1.आधुनिक मीरा नाम से कौन प्रसिद्ध है ? अथवा**
**आधुनिक मीरा नाम से किसे कहा जाता है ?**
उत्तर :– महादेवी वर्मा आधुनिक मीरा नाम से कौन प्रसिद्ध है ।

**2. महादेवी वर्मा की किस कृति के लिए ज्ञान पीठ पुरस्कार मिला है?**
उत्तर :– . महादेवी वर्मा की **यामा** कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ।

**3.गिल्लू पाठ की कौनसी विधा है ?**
2. उत्तर :– गिल्लु पाठ रेखाचित्र की विधा है ।

# पाठ–04 अभिनव मनुष्य

**कवि परिचय :**

**कवि का नाम :** कवि श्री रामधारीसिंह दिनकर ।
**जन्म** : सन् 1904 में बिहार प्रांत के मुंगेर जिले में हुआ ।
**मत्यु** : सन् 1974 में हुआ
**पुरस्कार** : सन् 1972 में ऊर्वशी काव्य कृति के लिए ज्ञान्पीठ पुरस्कार मिल **प्रमुख**
**रचनाएँ** : कुरुक्षेत्र , ऊर्वशी , रश्मिरथि , रेणुका , रसवंति आदी ।

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. आज की दुनियाँ कैसी है ?**
उत्तर : आज की दुनियाँ विचित्र और नवीन है ।

**2. मानव के हुक्म पर क्या चढता और उतरता है ?**
उत्तर : वारि, विद्युत, भाप, पवन का ताप आदी मानव के हुक्म पर चढता और उतरता है ।

**3. परमाणु किसे देखकर काँपते है ?**
उत्तर : परमाणु मानव के करों को देखकर काँपते है ।

**4. अभिनव मनुष्य कविता के कवि का नाम क्या है ?**
**उत्तर :** अभिनव मनुष्य कविता के कवि का नाम रामधारीसिंह दिनकर है ।

**5. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?**
**उत्तर :** आधुनिक पुरुष ने प्रकृती पर विजय पायी है ।

**6. नर किन–किनको एक समान लाँघ सकता है ?**
**उत्तर :** नर सरित्, गिरि, सिंधु को एक समान लाँघ सकता है ।

**7. आज मनुष्य का यान कहाँ जा रहा है ?**
**उत्तर :** आज मनुष्य का यान गगन की ओर जा रहा है ।

## दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन -इस पंक्ति का आशय समझाइए ?**
**उत्तर :** आज के मानव ने प्रकृती के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है । और वह उस पर सवार है । यह प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन -इस पंक्ति का आशय है ।

**2. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?**
**उत्तर :** दिनकर जी के अनुसार मानव मानव के बीच प्रेम, रिश्ता जोडकर आपसी दूरी को मिटाएँ वही मानव कहलाने का अधिकारि है । यही मानव का सही परिचय है ।

**3. इस कविता का दूसरा कौन सा शीर्षक हो सकता है ? क्यों ?**
उत्तर : इस कविता काा दूसर शीर्षक आधुनिक पुरुष हो सकता है क्योंकि आधुनिक पुरुष प्रकृती को नियंत्रण में रखना चाहता है । प्राचीन मानव की तरह प्रेम, रिश्ता, बंधुत्व, भाईचार की भावना उनमें नहीं है ।

## भावार्थ लिखिए :

यह मनुज जो, सृष्टि का श्रृंगार ,
ज्ञान का ,विज्ञान का , आलोक का आगार ।
व्योम से पाताल तक सब कुछ इसे है ज्ञेय ,
पर, न यह परिचय मनुज का , यह न उसका श्रेय ।

**उत्तर :** इस कविता को रामधारिसिंह दिनकर जी के कुरुक्षेत्र के षष्टम् सर्ग के अभिनव मनुष्य नामक कविता से लिया गया है ।
**भावार्थ** : मनुष्य ने अपने ज्ञान से प्रकृती को श्रृंगार किया है । आकाश से पाताल तक विजय प्राप्त किया है, यह उनकी साधना है । लेकिन मानव में मानवीयता का गुण नहीं है । उपर्युक्त कविता में मानव के अहंकार की भावनाओं को देख सकते है ।

## पर्यायवाची पद लिखिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 दुनियाँ | – | विश्व, जगत, संसार । | 2 विचित्र | _ | अजीब, असमान्य |
| 3 नवीन | _ | नया, नव | 4 नर | _ | पुरुष, आदमी |
| 5 वारी | _ | जल, पानी | 6 कर | _ | हाथ, हस्थ |


GHSBALEHOLE

7 आगार – घर, घृह    8 नभ – आकाश, गगन, व्योम
9 सरिता – नदी, तरणी,दरिया    10 समुद्र – सागर, उदधी

विलोम शब्द :

1 आज × कल    2 नवीन × प्राचीन    3 पुरुष × स्त्री
4 नर × नारी    5 चढता × उतरता    6 समान × असमान
7 जीत × हार    8 असीमित × सीमित    9 तोड × जोड

**एक शब्द लिखिए :**

सभी जगहों में – सर्वत्र
1 आसन पर बैटा हुआ – आसीन    2 बचा हुआ – शेष, बाकी
3 मनु की संतान – मनुज    4 विशेष ज्ञान – विज्ञान
5 अधिक विद्या प्राप्त – विद्वान

**अतिरिक्त प्रश्नोत्तर**

1. अभिनव मनुष्य नामक कविता को किससे लिया गया है ?
**उत्तर :** अभिनव मनुष्य नामक कविता को दिनकर जी के कुरुक्षेत्र के षष्टम सर्ग से लिया गया है ।
2. श्री रामधारीसिंह दिनकर जी की किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?
**उत्तर :** सन् 1972 में ऊर्वशी काव्य कृति के लिए ज्ञान्पीठ पुरस्कार मिला ।

## 5. मेरा बचपन

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।**

1 अब्दुल कलाम जी का जन्म कहाँ हुआ ?
उत्तर: अब्दुल कलाम जी का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम् में हुआ ।
2 अब्दुल कलाम बचपन में किस घर में रहते थे?
उत्तर : अब्दुल कलाम बचपन में अपने पुश्तौनी घर में रहते थे ।
3 अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी ?
उत्तर : अब्दुल कलाम जी के बचपन में पुस्त्कें एक दुर्लभ वस्तु थी ।
4 जैनुलाबदीन ने कौन–सा काम शुरु किया ?
उत्तर : जैनुलाबदीन ने नौकाएँ बनाने का काम शुरु किया ।
5 अब्दुल कलाम के चचेरे भाई कौन थे ?
उत्तर : अब्दुल कलाम के चचेरे भाई शम्सुद्दीन थे ।

## दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1 अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादेपन से बीतने के कारण लिखिए ।
उत्तर : अब्दुल कलाम के घर में संस्कार था
और उनके पिताजी आडंबरहीन व्यक्ती थे
इसलिए अनावश्यक और ऐशो–आरामवाली चीजों से दूर रहने के कारण अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादेपन से बीता ।

2 आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या–क्या देती थी ?
उत्तर : आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने के लिए घर में बना हुआ अचार और नारियल की ताजी चटनी देती थी, और केले का पत्ता बिछाकर उस पर चावल एवं सुगंधित सांबार डालती थी ।

3 जैनुलाबदीन नमाज के बारे में क्या कहते थे ?
उत्तर: नमाज से लोगों के बीच भाईचार की भावना आ जाती है ।
जैनुलाबदीन कहते है कि नमाज पढने से
शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते है
जिसमें दौलत, आयु जाती या धर्म पंथ का कोयी भेद–भाव नहीं होता ।

4 जैनुलाबदीन ने कौन–सा काम शुरु किया ?
उत्तर : जैनुलाबदीन ने लकडी की नौकाएँ बनाने का काम शुरु किया ।
इन नौकाओं के द्वारा तीर्थयार्थियों को रामेश्वरम् से धनुष्कोडी तक लाने ले जाने में काम आती थी ।

## चार–पाँच वाक्यों मे उत्तर लिखिए ।

1 शम्सुद्दीन अखबारों के वितरण का कार्य कैसे करते थे ?

- उत्तर : शम्सुद्दीन रामेश्वरम् के एकैक अखबारों के वितरक थे
- तथा अकेले एजेंन्सी चलाते थे ।
- अखबार सुबह की ट्रेन में रामेश्वरम् आता था
- रोज हजारों प्रतिया बिकती थी ।

## मुहावरा

पौ फटना = प्रभात होना ।  काम आना = काम में आना , इस्तेमाल होना

## अन्यवचन रूप :


GHS BALEHOLE

बच्चा – बच्चे          गली–गलियाँ          किला–केले
नौका– नौकाएँ          प्रति–प्रतियाँ          पुस्तक–पुस्तकें

### विलोम शब्द लिखिए :

बहुत × कम     बडा × छोटा     शाम × सुबह
अच्छा × बुरा     अपना × पराया     सफल × असफल

### जोडकर लिखिए :

| **अ** | **ब** | | **उत्तर** |
|---|---|---|---|
| **1 मेरे पिता** | क) चचेरे भाई | उत्तर | जैनुलाबदीन |
| **2 मद्रास राज्य** | ख) अंतरंग मित्र | उत्तर | चेन्नई |
| **3 शम्सुद्दीन** | ग) रामानंद शास्त्री | उत्तर | चचेरे भाई |
| **4 अहमद् जलालुद्दीन** | घ) जैनुलाब्द्दीन | उत्तर | अंतरंग मित्र |
| **5 पक्का दोस्त** | ड) चेन्नई | उत्तर | रामानंद शास्त्री |

### रिक्त स्थानों की पूर्ति करे ।

1 आशियम्म उनकी आदर्श .......................... थी । उत्तर : जीवनसंगिनी
2 रामेश्वरम् प्रसिद्ध ...................... है । उत्तर : तीर्थस्थल
3 पूजारी लक्ष्मण शास्त्री मेरे पिताजी के .................. थे । उत्तर : अभिन्न मित्र
4 अखबार एजेंसी को अकेले ................. ही चलाते थे । उत्तर: जैनुलाबद्दीन
5 अहमद् जलालुद्दीन की ............... के साथ शादी हो गई । उत्तर : जोहरा

### अनुरूपता

1 गाँधीजी : राष्ट्रपिता :: अब्दुल कलाम : ...................
2 जलालुद्दीन : जीजा :: शम्सुद्दीन : ...................
3 ट्रेन : भू यात्र :: नौका : ...................
4 हिंदू : मंदिर :: इस्लाम : ...................

**उत्तर :** 1 मिसाइल मैन  2 चचेरा भाई  3 जल यात्रा  4) मस्जिद

### सही शब्द से खाली स्थान भरिए :

1 अब्दुल कलाम का जन्म ................ हुआ ।
A) चेन्नै  आ) बेंगलूर  इ) रामेश्वरम्  ई) श्रीरंगम्
2 रामेश्वरम् में प्रसिद्द ............. मंदिर है
अ) विष्णु  आ) अय्यप्पा  इ) हनुमान  ई)शिव
3) जैनुलाबद्दीन की दिनचर्या .............. के पहले शुरू होती थी ।
अ) पौ फटने  आ) सूर्यास्त  इ) दो पहर  ई) शाम



GHS BALEHOLE

4) अहमद जलालुद्दीन अब्दुल कलाम को ……….. कहकर पुकारा करते थे
अ) अब्दुल आ) आजाद इ) राष्ट्रवादी ई) कलाम

**उत्तर : 1– इ) रामेश्वरम् 2– ई)शिव 3–अ) पौ फटने 4)– आ) आजाद**

## प्रेरणार्थक क्रिया ।

| | | |
|---|---|---|
| **पढना** | **पढाना** | **पढवाना** |
| **देखना** | **दिखाना** | **दिखवाना** |
| **सुनना** | **सुनाना** | **सुनवाना** |
| **करना** | **कराना** | **करवाना** |
| **जगना** | **जगाना** | **जगवाना** |
| **भेजना** | **भिजाना** | **भिजवाना** |
| **चलना** | **चलाना** | **चलवाना** |
| **बैठना** | **बिठाना** | **बिठवाना** |
| **रोना** | **रुलाना** | **रुलवाना** |
| **धोना** | **धुलाना** | **धुलवाना** |
| **देना** | **दिलाना** | **दिलवाना** |

# 6 बसंत की सच्चाई (एकांकी )

**कवि परिचय– विष्णु प्रभाकर ।**

**जन्म** :– उत्तर प्रदेश के मीरापुर में सन् **1912** में हुआ ।

**सेवाएँ** :– आकाशवाणि दिल्लि केंद्र में नाटक के निर्देशक थे ।
इन्हे गाँधिवादी लेखक माने जाते है ।
मानव–मनोविज्ञान के विश्लेषण में आपको आशातीत सफलता मिली

**प्रमुख रचनाएँ** :– निशिकांत , दर्पण का व्यक्ति , युगे–युगे क्रांति ।

**मृत्यु** :– सन् **2009** में हुआ

## एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

**1. बसंत क्या– क्या बेचता था ?**

उत्तर :– बसंत , बटन , छलनी , दियासलाई आदी बेचता था ।

**2. बसंत के भाई का नाम क्या था ?**

उत्तर :– बसंत के भाई का नाम प्रताप था ।

**3. पंडित राजकिशोर क्या काम करते थे ?**

उत्तर :– पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे ।



GHS BALEHOLE

**4. छलनी का दाम क्या था ?**

उत्तर :– छलनी का दाम दो आना था ।

**5. बसंत और प्रताप कहाँ रहते थें ?**

उत्तर :– बसंत और प्रताप भीखू अहीर के घर में रहते थे ।

**6. बसंत की सच्चाई एकांकी में कितने दृष्य हैं ?**

**उत्तर:–** बसंत की सच्चाई एकांकी में दो दृष्य हैं ।

**7. एकांकी का प्रथम दृष्य कहाँ घटता है ?**

उत्तर :– एकांकी का प्रथम दृष्य नगर के बाजार में घटता है ।

**8. बसंत के घर पर डाक्टर को कौन ले आया ?**

उत्तर:– बसंत के घर पर डाक्टर को अमर सिंह ले आया ।

**9. पं. राजकिशोर के अनुसार बसंत में विहित दुर्लभ गुण क्या है ?**

उत्तर :– पंडित राजकिशोर के अनुसार बसंत में विहित दुर्लभ गुण ईमानदार है ।

**10. पंडित राजकिशोर कहाँ रहते थे ?**

उत्तर :– पंडित राजकिशोर किशनगंज में रहते थे ।

**दो– तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।**

**1. छलनी से क्या–क्या कर सकते हैं ?**

उत्तर :–छलनी से दूध ,चाय और शरबत आदी छान सकते हैं ।

**2. बसंत राजकिशोर से क्या विनती करता है ?**

- उत्तर :– साहब छलनी की कीमत दो आना है
- सबेरे से कुछ भी व्यापार नहीं हुआ ।
- छलनी के छः पैसे है इससे मुझे दो पैसे मिलेगा
- कृपया आप लीजिए इस प्रकार बसंत ने राजकिशोर से विनति करता है ।

**3.बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?**

उत्तर :– क्योंकि बसंत भीख माँगकर जीना नहीं चाहता,
अपने सामान बेचकर ईमानदारी से स्वाभिमान से जीना चाहता था ।

**4. बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ?**

उत्तर :– बसंत राजकिशोर के पास नहीं लौटा क्योंकि एक रुपया नोट को भुनाकर लौट आते समय मोटार दुर्घटना के कारण पैर टूट गया और बेहोश हो गया । इसलिए बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ।

**5. प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया ?**

उत्तर :– क्योंकि बसंत ने छान की बाकि साढे चौदह आने राजकिशोर को लौटाने के लिए प्रताप को कहा था ।

**6. बसंत ने राजकिशोर को छलनी खरीदने के लिए किस तरह प्रेरित किया ?**

GHS BALEHOLE

- उत्तर :– साहब छलनी की कीमत दो आना है
- सबेरे से कुछ भी व्यापार नहीं हुआ
- छलनी के छः पैसे है
- इससे मुझे दो पैसे मिलेगा
- कृपया आप लीजिए

इस प्रकार बसंत ने राजकिशोर को छलनी खरीदने के लिए प्रेरित किया ।

**7. बसंत के पैर देखकर डाक्टर ने क्या कहा ?**

- उत्तर:– डाक्टर ने कहा कि लगता है कि पैर की हड्डी टूट गई है ।
- स्कीन करके देखना होगा
- दूसरा पैर ठीक है,
- पर इसे अभी अस्पतला ले जाना चाहिए ।

**चार छः वाक्यों में उत्तर लिखिए ।**

**1. बसंत ईमानदारी लडका है कैसे ?**

- उत्तर :– बसंत ईमानदारी लडका है क्योंकि वह ईमानदारी से जीना चाहता था
- जब पंडित राजकिशोर छनती खरीदने के बिना दो पैसे देने लगते है तब बसंत भीख के रूप में पैसे लेना इनकार करता है ।
- भुना लाते समय मोटार दुर्घटना के कारण पैर टूटने पर भी जब होश आया तब राजकिशोर के बाकी पैसे लौटाने के लिए प्रताप को कहता है
- इसलिए बसंत ईमानदार लडका है ।

**2. बसंत और प्रताप अहीर के घर में क्यों रहते है ?**

उत्तर :– बसंत की माता और पिता को किसीने मार डालकर वे अनाथ बन गये थे इसलिए अहीर अपने घर में पाला था उस दिन से बसंत और प्रताप अहीर के घर में रहते थे ।

**3.राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।**

- उत्तर:–राजकिशोर मजदूरों के नेता थे। वे गरीबों के प्रति हमेशा दया दिखाते थे ।
- मानवीय दृष्टि से आवश्यकता न होने पर भी बसंत से छनती खरीदता है ।
- बसंत के मोटार दुर्घटना होने पर डाक्टर को बुलाकर उपचार कराया
- इसलिए राजकिशोर मानवीय व्यक्ति है ।

**अनुरूपता :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.पं. राजकिशोर | : | किशनगंज | :: | बसंत | : ................................ |
| 2.पं. राजकिशोर | : | मजदूरों के नेता | :: | बसंत | : ................................ |
| 3 पं. राजकिशोर | : | मालिक | :: | अमरसिंह | : ................................ |
| 4 प्रताप | : | छोटा भाई | :: | वर्मा | : ................................ |
| 5 ? | : | प्रश्नार्थक चिह्न | :: | ! | : |

उत्तर : 1 अहीर टीला के घर 2 ईमान्दार बालक 3 नौकर
4 डाक्टर 5 विस्मयादि बोधक चिह्न

## किसने कहा किससे कहा ।

**1. नही साहब , नही । मैं पैसे नही लूँगा ।**

उत्तर :– बसंत ने कहा , राजकिशोर से कहा ।

**2. आप क्या कर रहे है ? मैं गरीब हूँ ।**

उत्तर :– बसंत ने कहा , डाक्टर से कहा ।

**3.आज दो पहर को उसने आपको एक छलनी बेची थी ।**

उत्तर :– प्रताप ने कहा राजकिशोर से कहा ।

## उ. रिक्त स्थान भरिए ।

1. मैं अभी बाजार से .............. लाता हूँ ।
2. मैं आपके .......................... आने लाया ।
3. हम दोनों ........................... के घर में रहते हैं ।
4. मैं ..................................... के लिए फोन कर सकता हूँ ।
5. इसमें एक दुर्लभ गुण है ,यह.....................है ।

**उत्तर :–** 1.भुना 2. साढे तीन 3. भीखू अहीर 4. भीखू अहीर 5. ईमानदार

## ऊ) निम्न लिखित वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिए ।

**1. एक छलनी में तुम्हे क्या बचेगा । (वर्तमान काल )**

उत्तर :– एक छलनी में तुम्हें क्या बचता है ?

**2. मैं अभी बाजार से भुना लाता हूँ । ( भूतकाल )**

उत्तर :– मैं अभी बाजार से भुना लाता था ।

**3. एक दूसरे व्यक्ति से पूछता है । ( भविष्यत काल )**

उत्तर :– एक दूसरे व्यक्ति से पूछेगा ।

## ए. विलोमार्थक शब्द लिखिए ।

1. पीछे × आगे 2. खरीदना × बेचना 3. लेना × देना
4. आना × जाना 5. शांति × अशांति 6. गरीब × अमीर

## अन्य लिंग रूप लिखिए :

1 लडका – लडकी 2 बच्चा – बच्ची 3 दुबला – दुबली 4 पतला – पतली
5 थैला – थैली 6 साहिबा– साहब 7 भाई _ बहन 8 माँ _ बाप



GHS BALEHOLE

9 डाक्टर – डाक्टराइन 10 पंडित – पंडिताइन

**अन्यवचन रूप लिखिए :**

1 बात – बातें 2 जेब – जेबें 3 आवाज – आवाजें 4 आँख – आँखें 5 घर – घर
6 लोग– लोग 7 मकान– मकान 8 पैर– पैर 9 पैसा – पैसे 10 कपडा – कपडे
11 खिडकी – खिडकियाँ 12 हड्डि – हड्डियाँ

**अतिरिक्त प्रश्नोत्तर**

**1. बसंत की सच्चाई पाठ की कौनसी विधा है ?**
उत्तर :– एकाँकी की विधा है ।

**2. बसंत की सच्चाई एकाँकी पाठ से हमें क्या सीख सकते है ?**
उत्तर :– ईमानदारी से जीना सीख सकते हैं ।

**3. खद्दरदारी व्यक्ति कौन था ? अथवा मजदूरों के नेता कौन थे ?**
उत्तर :– पंडित राजकिशोर थे ।

**4. पंडित राजकिशोर का घर कहाँ था ?**
उत्तर :– किशनगंज में था ।

**5. बसंत ने प्रताप द्वारा राजकिशोर को कितने पैसे लौटाने को कहता है ?**
उत्तर :– साढे चौदह पैसे लौटाने को कहता है ।

**6. प्रताप की आँखों से आँसू क्यों निकल पडे ?**
उत्तर :– मोटार दुर्घटना से घायल बसंत के पैर को डाक्टर देखते समय बसंत दर्द से चीखा इसे देखकर प्रताप की आँखों से आँसू निकल पडे ।

**7. स्वाभिमान और पुरदुःख कातरता जैसी मानवीय भावनावों का चित्रण किस पाठ में हुआ है ?**
उत्तर :– बसंत की सच्चाई पाठ में हुआ है ।

**8. किसके कृतियों में आदर्शवाद और यथार्थता का समन्वय है ?**
उत्तर :– विष्णु प्रभाकर की कृतियों में आदर्शवाद और यथार्थता का समन्वय है ।

## पाठ–7 तुलसी के दोहे ।

**कवि परिचय :** **तुलसीदास**

**जन्म :** सन् 1532 उत्तर प्रदेश के राजापुर में हुआ ।

**माता–पिता :** माता का नाम हुलसी और पिता का नाम आत्मराम है ।

**काल :** भक्तिकाल के रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि है ।

**रचनाएँ :** रामचरित मानस , विनय पत्रिका , कवितावली , गीतावली , दोहावली आदी ।



GHS BALEHOLE

एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. तुलसीदास शरीर को क्या मानते थे ?**

उत्तर : तुलसीदास शरीर को मुखिया मानते थे ।

**2. मुखिया को किसके समान रहना चाहिए ?**

उत्तर : मुखिया को मुख के समान रहना चाहिए ।

**3. हँस का गुण कैसा होता है ?**

उत्तर : हँस का गुण पानी रूपी विकारों को छोडकर दूध रूपी अच्छे गुण पाता है ।

**4. मुख किसका पालन पोषण करता है ?**

उत्तर : मुख शरीर के सारे अंगों का पालन पोषण करता है ।

**5. दया किसका मूल है ।**

उत्तर : दया धर्म का मूल है ।

**6. तुलसीदास किस शाखा के कवि है ?**

उत्तर : तुलसीदास भक्ति शाखा के कवि है ।

**7. तुलसीदास के माता–पिता का नाम क्या है ?**

उत्तर : तुलसीदास की माता का नाम हुलसी और पिता का नाम आत्मराम है ।

**8. तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था ?**

उत्तर : तुलसीदास के बचपन का नाम रामबोला था ।

**9. पाप का मूल क्या है ?**

उत्तर : अभिमान पाप का मूल है ।

**10. तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथि कौन है ?**

उत्तर : तुलसीदास के अनुसार विद्‌य , विनय , विवेक विपत्ति के साथि है ।

दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

**1. मुखिया को मुख के समान होना चाहिए । कैसे ?**

उत्तर : जिस प्रकार मुँह खाने पीने का काम अकेला करता है और उससे सारे अंगों का पालन पोषण होता है । उसी प्रकार मुखिया को भी विवेकावान होना चाहिए , वह काम खुद करे लेकिन उसका फल सभी में बाँटे इसलिए मुखिया को मुख के समान है ।

**2. मनुष्य को हंस की तरह क्या करना चाहिए ?**

उत्तर : हँस का गुण पानी रूपी विकारों को छोडकर दूध रूपी अच्छा गुणा पाता है । इसी तरह मनुष्य अच्छे गुणों को अपनाना चाहिए ।

**3. मनुष्य के जीवन में चारों ओर प्रकाश कब फैलता है ?**

उत्तर : जिस प्रकार देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर और आँगन में प्रकाश फैलता है उसी तरह राम नाम जपने से मानव की आँतरिक और बाह्‌य शुध्दी होती है । जिससे मनुष्य के जीवन में चारों ओर प्रकाश फैलता है ।

GHSBALEHOLE

### अनुरूपता

1 दया : धर्म का मूल :: पाप : ....................................
2 परिहरि : त्यागना :: करतार : ....................................
3 जीह : जीभ :: देहरी : ...................................
उत्तर : 1 अभिमान 2 मुँह 3 देहलीज

### जोडकर लिखिए :

| अ | आ | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 विश्व कीन्ह | विकार | करतार |
| 2 परिहरि वारी | करतार | विकार |
| 3 जब लग घट | राम भरोसो एक | में प्राण |
| 4 सुसत्यव्रत | में प्राण | राम भरोसो एक |

### भावार्थ लिखिए :

**1.मुखिया मुख सों चाहिए , खान पान को एक ।**
**पालै पोसै सकल अंग , तुलसी सहित विवेक ॥**
**उत्तर :** इस दोहे को तुलसी के दोहों से लिया गया है ।
जिस प्रकार मुँह खाने पीने का काम अकेला करता है और उससे सारे अंगों का पालन पोषण होता है । उसी प्रकार मुखिया को भी विवेकावान होना चाहिए । वह काम खुद करे लेकिन उसका फल सभी में बाँटे इसलिए मुखिया मुख के समान है ।

**2.तुलसी साथी विपत्ति के विद्या विनय विवेक ।**
**साहस सुकृति सुसत्यव्रत राम् भरोसो एक ॥**
**उत्तर :** इस दोहे को तुलसी के दोहों से लिया गया है ।
तुससीदास के अनुसार विपत्ति के साथी विद्‍या, विनय और विवेक है ।
जो राम पर भरोसा रखते है वह साहसी सत्यव्रती और सुकृतवान बनता है ।

### पूर्ण करे :

1.मुखिया मुख सो चाहिए ........................
2.पालै पोसै सकल अंग ........................
3.राम नाम मनी दीप धरू .........................
4.तुलसी भीतर बाहिरौ .........................
उत्तर: 1 खान पान को एक 2 तुलसी सहित विवेक
3 जीह देहरी द्वार 4 जो चाहसी उजियार

### अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :


GHSBALEHOLE

**1.तुलसी के दोहो द्वारा कैसा जीवन बिताने की सीख प्राप्त कर सकते है ?**
**उत्तर :** तुलसी के दोहो द्वारा नैतिकता से जीवन बिताने की सीख प्राप्त कर सकते है ।
**2.रामचरित मानस यह किसकी कृति है ?**
उत्तर : रामचरित मानस यह तुलसीदास की कृति है ।
**3.तुलसीदास को रामबोला नाम क्यों पडा ?**
उत्तर : जब तुलसीदास का जन्म हुआ तब उन्होने राम नाम का उच्चारण किया था इसलिए तुलसीदास को रामबोला नाम पडा ।
**4.तुलसीदास का जन्म कब और कहाँ हुआ ?**
उत्तर : तुलसीदास का जन्म सन् 1532 में उत्तर प्रदेश के राजापुर में हुआ ।

## विलोम शब्द

1 जड × चेतन 2 गुण × दोष 3 प्रकाश × अंधकार
4 कायर × साहसी 5 खरा × खोटा

# 8 इंटरनेट- क्रांति

**शब्दार्थ :** दायरा = क्षेत्र खबर = समाचार खोज = अन्वेषण अभिलेख = विवरण

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?**
उत्तर :– इंटरनेट, असंख्य कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है ।
**2. संचार और सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है ?**
उत्तर :– * संचार और सूचना आदी क्षेत्रों में इंटरनेट आधुनिक जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण अंग है ।
* इससे समय और धन का अधिक व्यय नहीं होती ।
* एक ही क्षण में रिश्तेदार और दोस्तों को चित्र , विचार , वीडियों को भेज सकते है।
**3. इंटरनेट बैकिंग द्वारा क्या भेजा जा सकता है ?**
उत्तर :– इंटरनेट बैकिंग द्वारा दुनियाँ की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है ।
**4.प्रगतिशील राष्ट्र किसके द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे है?**
उत्तर :– प्रगतिशील राष्ट्र ई–गवर्नेस (ई–प्रशासन ) द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं ।
**5. समाज के किन क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है ?**
उत्तर :– समाज के चिकित्सा , कृषि , अंतरिक्ष , विज्ञान , शिक्षा ,रक्षादल आदी क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है ।


GHS BALEHOLE

**6. इंटरनेट क्रांति का असर किस पर पडा है ?**

उत्तर :– बडे बूढों से लेकर छोटे बच्चों तक सब पर इस इंटरनेट क्रांति का असर पर पडा है ।

**7. रोहन के पिताजी ने उसको क्या सुझाव दिया ?**

उत्र :– रोहन के पिताजी ने उसको सुझाव दिया कि वह अपने कंप्यूटर शिक्षक से पूछताछ करे ।

**8. आई.टी.ई.एस. का विस्तृत रूप क्या है ?**

उत्तर :– इनफारमेशन टैक्नोलजी एनेबल्ड सर्विसेस ।

**INFERMATION TECHNOLOGY ANEBALD SERVESSES**

**दो तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. इंटरनेट का मतलब क्या है ?**

इंटरनेट , असंख्य कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है । संचार और सूचना आदी क्षेत्रों में इंटरनेट आधुनिक जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण अंग है ।

**2. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?**

- उत्तर :– इंटरनेट बैकिंग द्वारा दुनियाँ की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है ।
- इंटरनेट द्वारा घर में बैठे–बैठे खरीदारी कर सकते है । कोयी भी बिल भर सकते है ।
- इससे दुकान जाने और लाइन में घंटों तक खडे रहने का समय बच जाता है।

**3. ई–गवर्नेस क्या है ?**

उत्तर :– ई–गवर्नेस द्वारा सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख , सरकारी आदेश आदी को यथावत् लोगों को सूचित किया जाता है,इससे प्रशासन पारदर्शी बनता है।

**इ. चार छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. संचार वा सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है ?**

- उत्तर :– संचार और सूचना आदी क्षेत्रों में इंटरनेट आधुनिक जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण अंग है ।
- इससे समय और धन का अधिक व्यय नहीं होती ।
- एक ही क्षण में रिश्तेदार और दोस्तों को चित्र , विचार , वीडियों को भेज सकते है।

**2.( वर्चुअल मीटिंग रूम ) वीडीयों कान्फरेन्स के बारे में लिखिए ।**

- उत्तर :– ( वर्चुअल मीटिंग रूम ) वीडीयों कान्फरेन्स में एक जगह में बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8–10 दूरदर्शन के परदों

GHS BALEHOLE

पर चर्चा कर सकते है ।

- एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार विनिमय कर सकते हैं ।

**3. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है , कैसे ?**

- उत्तर:– इसके द्वारा दुनिया के लोगों को एक जगह पर ला खडा करदिया है ।
- सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं जैसे फेसबुक , वाट्सप , ट्विट्र , लिंकडइन, आरकुट आदि ।
- इन साइटों के कारण देश विदेश के लोगों की रहन–सहन वेश–भूषा खान पान के अलवा संस्कृति कला आदी का प्रभाव शीघ्रातीशीघ्र हमारे समाज पर पड रहा है ।

**4. इंटरनेट से कौनसी हनियाँ हो सकति है ?**

- उत्तर : इंटरनेट से पैरसी , बैकिंग फ्राड , हैकिंग आदि बढ रही हैं ।
- मुक्त वेब साइट के कारण कुछ युवा पीडियों से इसका दुरुपयोग होता है।
- अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी प्राप्त करके समय का दुरुपयोग कर ले रहे हैं।

**अनुरूपता**

1 कंप्यूटर : संगणक यंत्र :: इंटरनेट : ..........................
2.आई.टी : इनफारमेशन टेक्नालाजी :: आई.टी.ई.एस. : ..........................
3 फेसबुक : वरदान :: हैकिंग : ..........................
4 वीडीयों कान्फरेन्स : विचार विनिमय :: ई प्रशासन : ..........................

उत्तर : 1 अंतर्जाल 2 इनफारमेशन टैक्नोलजी एनेबल्ड सर्विसेस
3 अभिशाप 4 पारदर्शक, प्रशासन

**जोडकर लिखिए :**

| ‘अ’ | | ‘औ |
|---|---|---|
| 1. इंटरनेट ने पूरे विश्व को | – | अ. बहुत बडा वरदान साबित हुआ । |
| 2. इंटरनेट द्वारा कोई भी | – | आ. सचेत रहना चाहिए । |
| 3. इंटरनेट समाज के लिए | – | इ. बिल भर सकते है । |
| 4. इंटरनेट की वजह से | – | ई. एक छोटे गाँव का रूप दे दिया है । |
| 5. इंटरनेट से सबको | – | ई. पैरसी , हैकिंग , आदी बढ रही है । |

उत्तर :– 1–ई 2–इ 3–अ 3–उ 5–आ



GHSBALEHOLE

**उ. कोष्टक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए :**

1. इंटरनेट एक तरह से विश्वव्यापी कंप्यूटरों का ....................है ।
( अंतर्जाल , बहिर्जाल )

2. आई.टी. और आई.टी.ई.एस. से अनगिनत लोगों को ..............मिला है ।
( कपडा ,रोजगार )

3. सोषल नेटवर्किंग के कई ................. है । (साइड्स , साईट्स )

4. ई–गवर्नेस से प्रशासन .............बन सकता है । ( पारदर्शी , अपारदर्शी)

5. इंटरनेट सचमुच एक .............. है । ( अभयदान , वरदान )

6. देश के .............की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बडा योगदान है ।
( रक्षादलो , पुलिसदलो )

7. इंटर्नेट एक ओर वरदान है तो वह ...........भी है । (अपहास , अभिशाप )

**उत्तर** :– 1–अंतर्जाल 2–रोजगार 3–साईट्स 4–पारदर्शी 5–वरदान
6– रक्षादलो 7–अभिशाप

**ऊ. कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

1. इंटरनेट आधुनिक जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण अंग बन गया है ।
उत्तर : ಇಂಟರ್‌ನೆಟ್ ಆಧುನಿಕ ಜೀವನ ಶೈಲಿಯ ಒಂದು ಮಹತ್ವಪೂರ್ಣವಾದ ಅಂಗವಾಗಿದೆ .

2. इंटरनेट द्वारा घर में बैठे–बैठे खरीदारी कर सकते है ।
उत्तर : ಇಂಟರನೆಟ್ ಮುಖಾಂತರ ಮನೆಯಲ್ಲೇ ಕುಳಿತು ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ಕೊಳ್ಳಬಹುದಾಗಿದೆ .

3. इंटरनेट की सहायता से बेरोजगारी को मिटा सकते है ।
उत्तर : ಇಂಟರ್‌ನೆಟ್ ಸಹಾಯದಿಂದ ನಿರುದ್ಯೋಗವನ್ನು ಹೋಗಲಾಡಿಸಬಹುದಾಗಿದೆ .

**ऋ. सही विलोम शब्दों को चुनकर लिखिए :**

( नामुमकीन , अभिशाप , घटना उपयुक्त , , सदुपयोग ,अस्थिर )
1.बढना X घटना 2. स्थिर X अस्थिर 3.मुमकीन X नामुमकीन
4.वरदान X अभिशाप 5. दरुपयोग X सदुपयोग 6.अनगिनत X गिनत 7.रोजगार X बेरोजगार 8. अच्छा X बुरा

**ए. उदाहरण के अनुसार अन्यवचन रूप लिखिए :**

**पैसा–पैसे खबर–खबरें**

परदा–परदे किताब–किताबें कमरा–कमरे जगह–जगहें दायरा–दायरे कोशिश–कोशिशें युग–युग जिंदगि– जिंदगियाँ दोस्त– दोस्त कंप्यूटर–कंप्यूटर चिट्ठी– चिट्ठियाँ रिश्तेदार– रिश्तेदार जीवनशैली– जीवनशैलियाँ

**ऐ. इन वाक्यों में प्रयुक्त विराम चिह्नों का नाम लिखिए :**

1.आज का युग इंटरनेट युग है ।
उत्तर :– पूर्ण विराम ( । )



GHSBALEHOLE

2. इंटरनेट का मतलब क्या है ?
उत्तर :– प्रश्नवाचक ( ? )
3. बडा अच्छा सवाल है !
उत्तर :– विस्मयादिबोधक चिह्न ( ! )
4. . ' वर्चुअल मीटिंग रूम ' में चर्चा कर सकते है ।
उत्तर :– उद्धरण चिह्न ( ' ' )
5. लोगों के साथ विचार–विमर्श कर सकते हैं ।
उत्तर :– योजक चिह्न ( – )
6. हाँ , हाँ दुष्परिणाम हैं ।
उत्तर :– अल्प विराम चिह्न ( , ) और पूर्ण विराम चिह्न ( । )

### अतिरिक्त प्रश्नोत्तर

**1. किसकि वजह से पूरे विश्व का विस्तार एक गाँव से छोटा सा हो गया है ?**
उत्तर :– इंटरनेट की वजह से पूरे विश्व का विस्तार एक गाँव से छोटा सा हो गया है ।
**2. सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स कौन–कौनसे है ?**
उत्तर :– सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं
जैसे फेसबुक , वाट्सप , ट्विट्टर , लिंकडइन, आरकुट आदि ।
3. आज का युग ..............युग है । ( कंप्यूटर )
4. कंप्यूटर शिक्षक से ...............ने प्रश्न पूछा । ( रोहन )
5. .............. एक क्रांतिकारी खोज है । (सोशल नेटवर्किंग )

## 9 ईमानदारों के सम्मेलन में ।

### मौखिक प्रश्न :

**1.( ईमानदारों के सम्मेलन में ) प्रस्तुत कहाँनी के लेखक कौन है ?**
उत्तर: ईमनदारों के सम्मेलन में प्रस्तुत कहाँनी के लेखक श्री हरिशंकर परसाई है ।
**2. लेखक दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ?**
उत्तर : एक सौ पचास रुपये बचता था इसलिए लेखक दूसरे दर्जे में सफर करना चाहते थे
**3. लेखक की चप्पले किसने पहनी थी ?**
उत्तर : एक ईमानदार डेलिगेट ने लेखक की चप्पले पहनी थी ।
**4. स्वागत समिति के मंत्री किसको डाँटने लगे ?**
उत्तर : स्वागत समिति के मंत्री कार्यकर्ताओं को डाँटने लगे ।

**5. लेखक पहनने के कपडे को कहाँ दबाकर सोये ?**

उत्तर : लेखक पहनने के कपडे को सिरहाने दबाकर सोये ।

## लिखित प्रश्न: एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से किन किन को प्रेरणा मिल सकती थी ?**

उत्तर : सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से ईमानदारों और उदीयमान ईमानदारों को प्रेरणा मिल सकती थी ।

**2. लेखक को कहाँ ठहराया गया ?**

उत्तर: लेखक को होटेल के एक बडे कमरे में ठहराया गया ।

**3. सम्मेलन का उद्घाटन कैसे हुआ ?**

उत्तर : बडे शानदार से सम्मेलन का उद्घाटन हुआ ।

**4. ब्रीफकेस में क्या था ।**

उत्तर : ब्रीफकेस में कागजात था ।

**5. लेखक ने धूप का चश्मा कहाँ रखा था ?**

उत्तर : कमरे में टेबुल पर लेखक ने धूप का चश्मा रखा था ।

**6. तीसरे दिन लेखक के कमरे में क्या गायब हो गया ?**

**उत्तर :–** तीसरे दिन लेखक के कमरे में कंबल गायब हो गया ।

## दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या लिखा गया था ?**

उत्तर: हम शहर में एक ईमानदार सम्मेलन कर रहे हैं आप इस शहर के प्रसिद्ध ईमानदार है इसलिए हमारी प्रार्थना है की आप इस कार्यक्रम का उद्घाटन करे ।

*आप भाग लेने से ईमानदारों और उदीयमान ईमानदारों को प्रेरणा मिल सकती थी ।

*हम आपको पहले दर्जे में आने जाने का किराया देंगे आवास और भोजन की उत्तम व्यवस्था है ।

**2. फूल मालाएँ मिलने पर लेखक क्या सोचने लगे ?**

**उत्तर :** फूल मालाएँ मिलने पर लेखक सोचने लगे कि आस–पास कोयी माली होता तो फूल मालाएँ बेच लेते ।

**3. लेखक ने मंत्री को क्या समझाया ?**

- **उत्तर :** लेखक ने मंत्री को समझाया, ऐसा कभी मत कीजिए ।
- ईमानदारों के सम्मेलन में पुलिस ईमानदारों की तलाश ले ,
- यह बडी अशोभनीय बात होगी ।
- फिर इतने बडे सम्मेलन में थोडी गडबडी होगी ।

**4.चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलीगेट ने क्या सुझाव दिया ?**

- **उत्तर :** ईमानदार डेलीगेट ने यह सुझाव दिया कि

- चप्पले एक ही जगह में नहीं उतारना चहिए
- , एक चप्पल यहाँ उतारिएँ तो दूसरी दस फीट दूर ।
- तब चप्पले चोरी नहीं होती ।
- एक ही जगह में जोडी होगी तो कोयी पहन लेगा मैने ऐसे ही किया था ।

**5. लेखक ने कमरा छोडकर जाने का निर्णय क्यों लिया ?**

**उत्तर :** सम्मेलन में आये लेखक के चप्पल, चश्मा, चादर, कंबल आदी सामान चोरी हो रहा था इसलिए लेखक ने कमरा छोडकर जाने का निर्णय लिया ।

**6. मुख्य अतिथि की बेईमानी कहाँ दिखाई देती ?**

- **उत्तर :** मुख्य अतिथि पहले दर्जे में आने का किराया देने पर भी दूसरे दर्जे में सफर करके एक सौ पचास रुपया बचाया ।
- और फूल मालाएँ मिलने पर सोचा कि आस–पास कोयी माली होता तो फूल मालाएँ बेच लेते ।
- ईमान्दारी डलीगेटों से ही लेखक की चश्मा चादर आदी चोरी हो गई । इस प्रकार मुख्य अतिथि की बे ईमानी दिखाई देती ।

**चार–छः वाक्यों में उत्तर लिखिए ।**

**1. लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए ।**

उत्तर : दूसरे दिन बैठक में जाने के पहले लेखक अपना चश्मा पहनना चाहते लेकिन न मिला बैठक के एक डेलीगेट आकर लेखक को सहानूभूति प्रकट करने आये लेकिन वे ही लेखक के चश्मा पेहने थे ।

**2. मंत्री और कार्यकर्ताओं के बीच क्या वार्तालाप हुआ ?**

उत्तर: मंत्री कार्यकर्ताओं को डाँटने लगे कि तुम लोग क्या करते हो तुम्हारे रहते चोरीयाँ हो रही है । बाहर यह खबर फैली तो बदनामी होगी ।

कार्यकर्ता ने कहा कि हम क्या करे डेलीगेट यहाँ–वहाँ जाये तो हम रोक सकते।

कार्यकर्ता ने कहा अभी आधे डेलीगेट किराया लेकर गये हैं अब किसकी तलाश करवायेंगे ?

**3. सम्मेलन में लेखक को क्या–क्या अनुभव हुए ?**

उत्तर : लेखक को अनुभव हुआ कि डेलीगेट सज्जन या ईमानदार कहनेवाले व्यक्तियों पर भी विश्वास रखना नहीं चाहिए क्योंकि वे हमारे साथ ही सज्जनों की तरह रहते हैं और बात करते है ,लेकिन बेईमान की काम करते है । ऐसी ही डेलीगेट या सज्जनों ने लेखक के चप्पल ,चादर ,चश्मा ,कंबल भी चोरी की ।

**रिक्त स्थान भरिए :**

1. हम लोग इस शहर में एक ............................ सम्मेलन कर रहे है ।

उत्तर : ईमानदार

GHSBALEHOLE

2.आपकी चप्पलें नहीं गयीं , यह ...................... है ।
उत्तर : गनीमत
3. वह मेरा चश्मा लगाये .................................. से बैठे थे ।
उत्तर : इतमीनान
4. फिर इतने बडे सम्मेलन में थोडी .................. होगी ही ।
उत्तर : गडबडी ।

### किसने कहा ? किससे कहा ?

1. क्या आपकी चप्पले कोयी पहन गया ?
उत्तर : ईमानदार डेलीगेट ने कहा, लेखक से कहा ।
2. होटेलवाले ने धुलाने को भेज दी होगी । दूसरी आ जाएगी ।
उत्तर : स्वागत समिती के मंत्री ने कहा, कार्यकर्ताओं से कहा ।
3. मैं पुलिस को बुलाकर यहाँ सबकी तलाश करवाता हूँ ।
उत्तर : स्वागत समिती के मंत्री ने कहा, लेखक से कहा ।
उत्तर : लेखक ने कहा स्वागत समिति के मंत्री से कहा ।
5. अब मैं बचा हूँ । अगर रुका तो मैं ही चुरा लिया जाउँगा ।
उत्तर : लेखक ने कहा स्वागत समिति के मंत्री से कहा ।

### विलोम शब्द लिखिए :

1. आगमन × निर्गमन 2. रात × दिन 3. जवाब × सवाल
4. बेचना × खरीदना 5. सज्जन × दुर्जन

### बहुवचन रूप लिखिए :

कपडा – कपडे 2. चादर – चादरें 3. बातें – बात
4. डिब्बा – डिब्बे 5. चीज – चीजें 6. माला – मालाएँ

### प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :

| **क्रिया रूप** | **प्र.प्रे. क्रिया** | **द्वि.प्रे. क्रिया** |
|---|---|---|
| 1. ठहरना | ठहराना | ठहरवाना |
| 2. धोना | धुलाना | धुलवाना |
| 3. देखन | दिखाना | दिखवाना |
| 4. लौटन | लौटाना | लौटवाना |
| 5. उतरना | उतराना | उतरवाना |
| 6. पहनना | पहनाना | पहनवाना |



GHS BALEHOLE

**संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. स्वागत | सु | + | आगत | = यण संधि |
| 2. सहानुभूति | सह | + | अनुभूति | = दीर्घ संधि |
| 3. सज्जन | सत् | + | जन | = व्यंजन संधि |
| 4. परोपकार | पर | + | उपकार | = गुणसंधि |
| 5. निश्चिंत | निः | + | चिंत | = विसर्ग संधि |
| 6. सदैव | सदा | + | एव | = वृद्धि संधि |

**कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए .**

1. हम आपको आने–जाने का पहले दर्जे का किराया देंगे ।

उत्तर :– ನಾವು ತಮಗೆ ಬಂದು ಹೋಗಲು ಪ್ರಥಮ ದರ್ಜೆಯ ಪ್ರಯಾಣದ ವೆಚ್ಚವನ್ನು ಕೊಡುತ್ತೇವೆ .

2. स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुआ ।

उत्तर :– ಸ್ಟೇಷನ್‌ನಲ್ಲಿ ನನಗೆ ಅದ್ದೂರಿ ಸ್ವಾಗತ ದೊರೆಯಿತು .

3. देखिए, चप्पलें एक जगह नहीं उतारना चाहिए ।

उत्तर :– ನೋಡಿ, ಚಪ್ಪಲಿಗಳನ್ನು ಒಂದೇ ಜಾಗದಲ್ಲಿ ಬಿಡಬಾರದು .

4. अब मैं बचा हूँ । अगर रुका तो मैं ही चुरा लिया जाउँगा ।

उत्तर :– ಈಗ ನಾನು ಉಳಿದಿದ್ದೇನೆ. ಒಂದುವೇಳೆ ಇಲ್ಲೇ ನಿಂತರೆ ನನ್ನನ್ನು ಕದಿಯುತ್ತಾರೆ .

# पाठ–10 दुनिया में पहला मकान ।

कवि परिचय: डा.विजया गुप्ता

जन्म : 21 दिसंबर सन् 1946 में हुआ ।

रचनाएँ हमारे बहादुर बच्चे, बुद्धिमान न्यायाधीश आदी ।

एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1 सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?

उत्तर: पूर्वोत्तर भरत के गुफाओं में और पेड पौधों के नीचे सिंगफो आदिवासी रहते थे।

2.सबसे पहले आदमी को मकान बनाना किसने सिखाया ?

उत्तर : बहुत से पशुओं ने सबसे पहले आदमी को मकान बनाना सिखाया ।

3.मकान के बारे में पूछ–ताछ करने दोनों दोस्त कहाँ चल पडे ?

उत्तर : मकान के बारे में पूछ–ताछ करने दोनों दोस्त जंगल की ओर चल पडे ।

4.दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई ?

उत्तर : दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले हाथी से हुई ।

5 दोस्तों ने क्या–क्या तय किया ?

उत्तर : मकान बनाने के लिए दोस्तों ने तय किया ।

6 हाथी से उत्तर पाकर दोस्त किससे मिले ?
उत्तर : हाथी से उत्तर पाकर दोस्त साँप से मिले ।
7.सब जानवारों की बातें सुनकर दोस्तों ने क्या किया ?
उत्तर : सब जानवारों की बातें सुनकर दोस्तों ने मकान बनाया ।

दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1 लालीम और किंचा लालीदास जंगल की ओर क्यों चल पडे ?
उत्तर : मकान बनाने की रीती के बारे में जानने के लिए लालीम और किंचा लालीदास जंगल की ओर क्यों चल पाडे ।
2.दोस्तों ने हाथी के साथ किसकी चर्चा की ?
उत्तर : मकान बनाने की रीती के बारे में दोस्तों ने हाथी से चर्चा की ।
3.हाथी ने दोस्तों को क्या उत्तर दिया ?
उत्तर : पेडों की लकडी से इतने बडे मजबूत गोले काट ले जैसे मेरे पैर की तरह हो । इस प्रकार हाथी ने दोस्तों को उत्तर दिया ।
4.दोस्तों ने किन–किन जानवारों से मुलाकात की ?
उत्तर : दोस्तों ने हाथी, साँप, भैस और मछली से मुलाकात की ।

तीन–चार वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1 साँप ने दोस्तों को क्या सुझाव दिया ?
उत्तर : लकडी को ऐसी लंबी और पतली काट लो जैसे मैं हूँ । इस प्रकार साँप ने दोस्तों को सुझाव दिया ।
2.भैंस के पंजर से दोस्तों को क्या जानकारी मिली ?उत्तर : पंजर में चार पैरों पर हड्डियाँ पडी है, उसी तरह चार मोटे गोले जमीन में गाडकर उन पर पतली और लंबी लकडियों से छप्पर का पंजर बना लो । इस प्रकार भैंस के पंजर से दोस्तों को जानकारी मिली ।
3.मछली ने दोस्तों के प्रश्न का क्या जवाब दिया ?
उत्तर : आप लोग जरा मेरी पीठ की पट्टियाँ ध्यान से देख लो । फिर पेडों से बहुत सी पत्तियों को छप्पर पर उसी तरह जमा दो, जैसी मेरी पीठ पर पट्टियाँ है । इस प्रकार मछली ने दोस्तों के प्रश्न का जवाब दिया ।

अनुरूपता ।

1.हाथी : जंगली जानवार : भैंस :.......................................
2मछलि : पानि : साँप : .................................................
3.मछली : तैरना : साँप : .................................................
4 हाथी : सूँड : भैंस : .................................................
उत्तर : 1 पालतू जानवार 2 उभय 3 रेंगना( किसकना ) 4 नासिका छिद्र

अन्यवचन रूप :

1 कहानी – कहानियाँ 2 गुफा – गुफायें 3 पेड – पेड 4 पत्ती – पत्तियाँ
5 हड्डी – हड्डीयाँ 6 मछली – मछलियाँ 7 लकडी – लकडियाँ
8 पट्टी – पट्टियाँ 9 लोग – लोग 10 घर – घर

**अन्य लिंग रूप लिखिए :**

1आदमी – औरत 2 हाथी – हाथी 3 भैंस – भैंसा
4 शेर – शेरनी 5 मोर – मोरनी 6 बहन – भाई

**विलोम शब्द लिखिए :**

1 बहुत × कम 2 दिन × रात 3 नीचे × ऊपर 4 मुश्किल × आसान
5आगे × पीछे 6 मजबूत × कमजोर 7 लंबी × चौडी 8 पास × दूर
9 दोस्त × दुश्मन काटना × जोडना

**जोडकर लिखिए :**

| अ | आ | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 तालाब | पैर | मछली |
| 2 हाथी | मछली | पैर |
| 3 भैंस | आदिवासी | हड्डियाँ |
| 4 पहला | हड्डियाँ | मकान |
| 5 सिंगफो | मकान | आदिवासी |

**रिक्त स्थान भरिए :**

1.भैस ने दोस्तों को अपने भैसें का ........................... दिखाया ।
2.दोस्तों की मुलाकात अंत में .............................. से हुई ।
3. आप लोग जरा मेरी पीठ की ........................ ध्यान से देख लो ।
4 भैंस बहन, हम लोग ........................ बनाना चाहते है ।
उत्तर : 1 पंजर 2 मछली 3 पट्टियाँ 4 मकान

**पर्यायवाची पद लिखिए :**

1 मकान – घर, घृह 2 पेड – वृक्ष, तरू 3 दोस्त – मित्र,सखा भेंट – उपहार, तोहफा

प्रथम प्रेअरणार्थक रूप लिखिए :

| क्रिया पद | प्रथम | द्वितीय |
|---|---|---|
| 1 बनना | बनाना | बनवाना |
| 2.गिरना | गिराना | गिरवाना |
| 3 लगना | लगाना | लगवाना |
| 4.सीखना | सिखाना | सिखवाना |
| 5 करना | कराना | करवाना |



GHS BALEHOLE

6 ठहरना ठहराना ठहराना

**सही शब्द चुनकर लिखिए :**

1 हाथी – जंगल 2 साँप – बिल 3 भैंस – पालतू जानवार 4 मछली – पानी

5 पक्षि – पेड 6 बैलगाडी – गाँव

**कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

1 भैंस ने दोस्तों को पंजर दिखाया ।

ಎಮ್ಮೆಯು ಗೆಳೆಯರಿಗೆ ಅಸ್ಥಿಪಂಜರವನ್ನು ತೋರಿಸಿತು.

2.साँप ने कहा, आगे की बात मै नहीं जानता ।

(ಸರ್ಪ) ಹಾವು ಹೇಳಿತು ಮುಂದಿನ ವಿಚಾರ ನನಗೆ ತಿಳಿದಿಲ್ಲ.

3.हाथी बोला, इसमें क्या कठिनाई है ?

ಆನೆಯು ಹೇಳಿತು ಇದರಲ್ಲಿ ಏನು ತೊಂದರೆ ?

4.तालाब में एक बहुत बडी मछली तैर रही है ।

ಕೆರೆಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ದೊಡ್ಡ ಮೀನು ಈಜುತ್ತಿತ್ತು.

**पालतू और जंगली जान्वारों की सूची**

पालतू जानवार : कुत्ता, बिल्ली, गाय, बैल, घोडा, भैंस, भेड, बकरी

जंगली जानवार : शेर, बाघ, चीता, बारह सिंघा, भेडिया, हाथी, लोमडी, भालू

नीचे लिखे श्ब्दोंके आधार पर लिखिए कि कौन क्या काम करता है ?

1 बढीई लकडी का काम ।

2.लुहार लोहे का काम करता है ।

3 सुनार स्वर्ण आभूषण का काम करता है ।

4 जुलाह कपडे बुनने का काम करता है ।

5 दुकानदार बस्तुएँ बेचने का काम करता है ।

6 हलवाई मिठाई बेचने काम करता है ।

7 डाक्टर रोगियों का इलाज करता है ।

8 अध्यापक पढाने का काम करता है

9 सैनिक देश की रक्षा का काम करता है ।

10 किसान खेती करता है ।

**अतिरिक्त प्रश्नोत्तर**

1.खाली पंजर किसका था ?

उत्तर : खाली पंजर मरे हुए भैंसें का था ।

**अनुरूपता**

1.शहरी लोग : घर आदिवासी लोग : ....................

2 शेर : जंगली जान्वार कुत्ता : ....................

3 लुहार : लोहे का काम जुलाह : ......................

उत्तर: 1 गुफा 2 पालतू जानवार 3 कपडे बुनने का काम करता है ।

# पाठ–11 समय की पहचान

कवि का नाम : सियारामशरण गुप्त पाठ की विधा : कविता

## एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. कवि के अनुसार मनुष्य को सुख कब नहीं मिलता ?

उत्तर : कवि के अनुसार समय को नष्ट करने से मनुष्य को सुख नही मिलता ।

2. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?

उत्तर : बहाने बनाने का प्रमुख कारण आलस है ।

3. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?

उत्तर : समय (भगवान) ईश दिया हुआ अनुपम धन है ।

4. कवि किस पर विश्वास करने को कहते है ?

उत्तर : कवि अपनी आत्मा पर विश्वास करने को कहते है ।

5. समय के खोने से क्या होता है ?

उत्तर : समय के खोने से व्यक्ति को पछताना पडता है ।

## दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1.मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

उत्तर : मनुष्य को समय नष्ट ना करने के बदले आलस और बहाना बनाना छोडकर मेहनत से काम करने से सुख की प्राप्ति होति है ।

2.समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

उत्तर : प्रति क्षण सु समय मानकर काम करना चाहिए, काम करने का जो अवकाश मिलता है उसे नष्ट ना करने के बदले आलस और बहाना बनाना छोडकर मेहनत से काम करना चाहिए ।

3.कविता के अंतिम चार पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहते है ?

उत्तर : प्रति क्षण सु समय मानकर काम करना चाहिए ।

अपने सामर्थ्य को जानकर आत्म विश्वास से मन लगाकर काम करना चाहिए ।

नहीं तो आगे पछताना पडेगा । क्योंकि खोया हुआ समय वापस नहीं आता ।

## निम्न लिखित शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

( सर्वथा, , चक्रवर्ती, करो अभी , शुभ )

1.जो करना है, ..................... कल हो क्या जाने ?

2.चाहो तुम क्यों नहीं .................... भी होके ।



GHS BALEHOLE

3.यही समय ही अहो तुम्हार ................... जीवन है ।
4.खोकर पीछे इसे ................... पछताओगे ।
उत्तर : 1. करो अभी 2.चक्रवर्ती 3. शुभ 4. सर्वथा

**अनुरूपता :**

1.आलस : परिश्रम :: नष्ट : ......................
2. जानो : मानो :: लगा दो : ......................
3.धन : निर्धन :: दिया : ......................
4.जीवन : मरण :: खोना : ......................
उत्तर : 1. लाभ 2.भाग दो 3.लिया 4.पाना

**जोडकर लिखिए ।**

| अ | आ | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. उद्योगी | सुख । | सुखमय |
| 2. आलस | अनुपम धन । | बहाना |
| 3. जीवन | समता । | पल–पल |
| 4. समय | बहाना । | अनुपम धन |
| 5. द्रव्य | पल–पल | समता |
| | सुसमय | |

**उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए ।**

उदा – जाता – पाता 1. बहाने – जाने 2. समता – चिंता 3. धन – जीवन 4. लगा दो – भगा दो 5. जानो – मानो 6. पाओगे – पछताओगे

**नीचे दिये गए शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए ।**

1. चकरवरती – चक्रवर्ती 2. चिता – चिंता 3. नश्ट – नष्ट 4. अलास – आलस 5. सरवथा – सर्वथा 6. सयम – संयम

**उदाहरण के अनुसार शब्द लिखिए ।**

उदा = समय – सुसमय 1. पुत्र – सुपुत्र 2. फल – सुफल 3. मन – सुमन 4. योग्य – सुयोग्य 5. यश – सुयश 6. नाद – सुनाद 7. मति – सुमती

**अपने अध्यापक की सहायता से इसे पूर्ण कीजिए ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. एक पहर | = | 3 घंटे | 2. एक दिन | = | 24 घंटे |
| 3. एक सप्ताह | = | 7 दिन | 4. एक पक्ष | = | 15 दिन |
| 5. एक मास | = | 30 दिन | 6. एक साल | = | 365 दिन |

## पाठ 8 – रोबोट

लेखक का नाम : डॉ. प्रदीप मुखोपाध्याय ‘आलोक’। पाठ की विधा : कहानी

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।**

GHSBALEHOLE

1.वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था ?
उत्तर : वर्षों से सक्सेना के परिवार में साधोराम काम रहा था ।
2.धीरज सक्सेना किस कार्यालय में जा पहूँचे ?
उत्तर : धीरज सक्सेना रोबोटोनिक्स कॉरपोरशन के कार्यालय में जा पहुँचे ।
3.एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से क्या साफ कर रहा था ?
उत्तर: एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से दफ्तर के फर्श को साफ कर रहा था ।
4.रोबोनिल की मुलाकात किससे हुई ?
उत्तर : रोबोनिल की मुलाकात रोबोदीप से हुई ।
5.शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम लिखिए ?
उत्तर : शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम झबरू था ।
6.रोबोनिल और रोबोदीप किससे मिलने गए ?
उत्तर : रोबोनिल और रोबोदीप रोबोजीत से मिलने गए ।
7.वैज्ञानिक लेखक का नाम लिखिए ?
उत्तर : वैज्ञानिक लेखक का नाम आइजक आसिमोव है ।

## दो – तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1.साधोराम को क्या हुआ था ?
उत्तर : साधोराम अचानक एक दिन चलती बस से गिरकर उसे खतरनाक चोट लग गई ।
उसे अस्पताल में भर्ती कराना पडा ।
2.धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?
उत्तर : उनके नाती–पोतों का होमवर्क कराने के लिए
एवं वर्ड प्रोसेसर पर उनका काम सँभालने के लिए भी
धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत इसलिए थी
3.रोबोदीप ने रोबोनिल से क्या कहा ?
उत्तर : रोबोदीप ने रोबोनिल से कहा कि,
तुम्हारे आने से पहले साधोराम नाम का सेवक सक्सेना परिवार में काम करता था,
वह अब अस्पताल में है ।
सक्सेना बता रहे थे कि वह अब साधोराम की छुट्टी करनेवाले है ।
4.रोबोनिल ने रोबोजीत को क्या समझाने की कोशिश की ?
उत्तत: रोबोनिल ने रोबोजीत को समझाने लगे कि धीरज सक्सेना के घर में पहले साधोराम नाम का सेवक काम करता था,
वह अब अस्पताल में है । सक्सेना बता रहे थे कि वह अब साधोराम को थोड़ा मुआवज़ा देकर उनकी छुट्टी करनेवाले है ।
5.कहानी को टाइप करते समय रोबोनिल को क्या हुआ ?



GHS BALEHOLE

उत्तर : कहानी टाइप करके रोबोनिल की धात्विक और तारों भरे परिपंथवाली खोपडी में यकायक मानो नीली रोशनी हो गई ।

## पाँच – छः वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1.धीरज सक्सेना ने घरेलू कामकाज के लिए रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया ?
उत्तर : धीरज सक्सेना के घर में पहले साधोराम नाम का सेवक काम करता था । अचानक एक दिन चलती बस से गिरकर उसे खतरनाक चोट आ गई वह अब अस्पताल में था । सक्सेना का परिवार बड़ा था । सक्सेना परिवार के लोग पूरी तरह साधोराम के काम पर निर्भर थे । घरेलू कामकाज करने के लिए उनको सेवक का ज़रूरत था । इस कारण धीरज सक्सेना रोबोट को कामकाज के लिए रखने का निर्णय लिया ।

2.रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिए ।
उत्तर : रोबोनिल रोज़ शाम को शेरू को टहलाने के लिए ले जाता था । ऐसे में एक दिन उसकी मुलाकात रोबोदीप से हो गई । रोबोदीप उसी मोहल्ले में रहनेवाले शर्मा परिवार के कुत्ते झबरू को घुमाने आया करता था । दोनों रोबोटों के बीच दोस्ती हुई ।

3.विज्ञान कथा का सार लिखिए ।
उत्तर : विज्ञान कथा का सार इस प्रकार है – एक घर में नौकर किसी जानलेवा बीमारी से पीड़ित था, उसे निकालकर उसकी जगह पर एक रोबोट को रख दिया जाता है । किसी तरह रोबोट को इस बात की जानकारी मिल जाती है तो वह 'रोबोटिक संघ' से संपर्क साधकर संघ को सारी बातों से अवगत कराता है । संघ रोबोटों की हड़ताल की घोषणा कर देता है । इससे उस नौकर को घर में फिर से नौकरी में रख लिया जाएगा ।

4.रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच हलचल क्यों मच गई ?
उत्तर : रोबोनिल और रोबोदीप 'रोबोटिक संघ' में जाकर धीरज सक्सेना के नौकर साधोराम के बारे में सब कुछ बता दिए । इन सब बातों को अध्यक्ष सुनकर संघ की कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक बुलाई । बैठक में तय हुआ कि सभी रोबोटिक कंपनियों के काम करनेवाले रोबोटों की हड़ताल का आहवाहन कर दिया जाए । इस विषय सुनकर रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच हलचल मच गई ।

## निम्नलिखित कारकों को चुनकर लिखिए ।

( का, के, में ,से, की )

1.वर्ष 2030 ....................... नवंबर का महीना था ।
2.आप साधारण रोबोट ................. भी काम चला सकते है ।
3.रोबोनिल ...................... घर में आ जाने से सभी ने राहत की सँस ली ।
4.रोबोटो ................. हडताल की घोषणा हुई ।
5. संघ को यह बात मानने .................. कोयी आपत्ति नहीं थी ।
( 1. के 2. से 3. के 4. की 5. में )

**जोडकर लिखिए ।**

1. यह सुनकर काउंटर पर – बैठा रोबोट बोला ।
2. मगर, रोबोदीप, यह तो – रोबोटिकी के नियम के विरुद्ध है ।
3. शाम को रोबोनिल – और रोबोदीप मिले ।
4. दोनों के बीच कुछ – गुप्त मंत्रण हुई ।
5. सक्सेना परिवार रोबोनिल को – पाकर फूला नहीं समा रहा था ।

**अन्य वचन रूप लिखिए ।**

1. बेटा – बेटे 2. नाती – नातियाँ ( नाता ) 3. कुत्ता –कुत्तियाँ 4. छुट्टी – छुट्टियाँ
5. बेटियाँ – बेटी 6. पोता – पोते 7. कंपनियाँ – कंपनी 8. नौकरियाँ – नौकरी

**अनुरूपता**

1.शेरू को टहलना : रोबोनिल :: झबरू को घुमाना : ............................
2.मुखीया : धीरज सक्सेना :: सेवक : ............................
3.टस से मस न होना : अटल रहना : : फूले न समाना : .....................
1. रोबोदीप 2. साधोराम 3. बहुत खुश होना

**मुहावरा :**

भाषा ज्ञान मुहावरें जो वाक्यांश अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ प्रकटा करता है तो, उसे मुहावरा कहते है ।
उदा– आँखे चुराना – अपने आप को छिपाना ।
आँखे दिखाना – डमकाना, डराना ।
अक्ल का अंधा – मूर्ख।
आस्तीन का साँप – कपटी मित्र ।
कान भरना – चुगली करना

उदाहर्ण के अनुसार मुहावरे लिखिए । 1. शरीर के अंगों को लेकर

1.अँगूठा दिखाना – साफ इनकार करना ।
2. कंधे से कंधा मिलाना – मदद करना ।
3.कमर कसना – तैयार होना ।

अंकों को लेकर



GHS BALEHOLE

1.नौ – दो ग्यारह होना – भाग जाना ।
2. एक अनार सौ बीमार – वस्तु एक चाहनेवाले अनेक ।
3.उन्नीस – बीस का अंतर – कम अंतर होना ।

मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

1.आँख खुलना – होश आना ।
2. ईद का चाँद होना – बहुत दिनों के बाद दिखाई देना ।
3. कान खड़े होना – सावधान होना ।
4. हवा से बातें करना – बहुत तेज़ शेर को देखकर हिरन हवा से बातें करने लगता है ।
5. बात का धनी – वचन का पक्का ।

मुहावरों को सही अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए ।

1.राहत की साँस लेना – चैन की साँस लेना ( तसल्ली/सांत्वाना देना )
2. पेट पर लात मारना – हानी पहुँचाना ।
3. टस से मस न होना – विचलित न होता ।
4. फूला नही समाना – बहुत खुश होना ।
5. आँच आना – आश्चर्यचकित होना ।
6. अँगूठा दिखा देना – वक्त आने पर इनकार करना ।
7. हलचल मचाना – शोर मचाना ।
8. हाथों के तोते उड़ाना – नौकरी या सहूलियत छीनना ।

निम्न लिखित मुहावरों से वाक्य पूरा कीजिए ।

1.मास्टर साहब की आँखों में ....................... रही थी ।
2.मालिक को देखकर ड्राइवर का ....................... हो गया ।
3.अपने सामने शेर को देख मैं काफी देर तक ....................... खडा रहा ।
4. अध्यापिका की अनुपस्थिति में बच्चों ने कक्षा में इतना शोर मचा रखा था , ऐसा लगा रह था, मानो कक्षा में ....................... हो ।
5.एक व्यक्ती को अपने मूँह से ट्रक खींचते देख हम ....................... दबाकर रह गए ।
6.बिल्ली को सामने से आता देख चूहा ....................... हो गया ।

1. चिंगारियाँ सुलग 2. गुस्सा हवा 3. दाँतों तले उँगली दबाकर
4. भूचाल आ गया 5. हमारे साँस रोके 6. नौ दो ग्यारह

## पाठ –9 महिला की साहसगाथा



GHS BALEHOLE

**एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए।**

1.बिछेंद्री पाल को कौन–सा गौरव प्राप्त हुआ है ?

उत्तर : बिछेंद्री पाल को ' एवरेस्ट की चोटी पर चढनेवाली पहली भारतीय महिला ' होने का गौरव प्राप्त हुआ है ।

2. बिछेंद्री के माता–पिता कौन थे ?

उत्तर : बिछेंद्री की माता का नाम हंसादेई नेगी और पिता का नाम किशनपाल सिंह था ।

3. बिछेंद्री ने क्या निश्चय किया ?

उत्तर : बिछेंद्री ने निश्चय किया कि उनके भाई की तरह पर्वतारोहण करेगी ।

4. बिछेंद्री ने किस ग्लेशियर पर चढाई की ?

उत्तर : बिछेंद्री ने गंगोत्री ग्लेशियर पर चढाई की ।

5.सन 1983 में दिल्ली में कौन–सा सम्मेलन हुआ था ?

उत्तर: सन 1983 में दिल्ली में 'हिमालय पर्वतारोहियों का सम्मेलन' हुआ था ।

6.एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ कौन थे ?

उत्तर : एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ पर्वतारोही अंग दोरजी थे ।

7.कर्नल का नाम क्या था ?

उत्तर: कर्नल का नाम खुल्लर था ।

8.ल्हाटू कौन–सी (रज्जू) रस्सी लाया था ?

उत्तर : ल्हाटू 'नायलॉन ' की ( रज्जू ) रस्सी लाया था ।

9. बिछेंद्री ने थैले से कौन–सा चित्र निकाला ?

उत्तर : बिछेंद्री ने थैले से 'हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ ' का चित्र निकाला ।

10.कर्नल ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से क्या कहा ?

उत्तर: कर्नल ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से कहा कि ' देश को तुम पर गर्व है । '

11. मेजर का नाम क्या था ?

उत्तर : मेजर का नाम ' कुमार ' था ।

12. बिछेंद्री को भारतीय पर्वतारोहण संघ ने कौन–सा पदक देकर सम्मान किया ?

उत्तर : बिछेंद्री को भारतीय पर्वतारोहण संघ ने प्रतिष्ठित स्वर्ण–पदक देकर सम्मान किया ।

**दो – तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए।**

1. बिछेंद्री पाल के परिवार का परिचय दीजिए ।

- उत्तर : बिछेंद्री का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में हुआ था ।
- उनकी माता का नाम हंसादेई नेगी और पिता का नाम किशनपाल सिंह था ।
- वे अपने माता पिता के पाँच संतानों में तीसरी संतान थी ।
- बिछेंद्री के बडे भाई को पहाडों पर जाना अच्छा लगता था ।
- इसी कारण से बिछेंद्री पर्वतारोहण का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया ।



GHS BALEHOLE

2. बिछेंद्री का बचपन कैसे बीता ?
उत्तर : बिछेंद्री का बचपन बहुत मुश्किल में बीता ।
बचपन में बिछेंद्री रोज 5 किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जाता पड़ता था ।
सिलाई का काम सीख लिया और सिलाई करके पढ़ाई का खर्च जुटाने लगी ।
इसी तरह उन्होंने संस्कृत में एम.ए तथा बी.एड तक की शिक्षा प्राप्त की ।

3. बिछेंद्री ने पर्वतारोहण के लिए किन – किन चीजों का उपयोग किया ?
उत्तर : बिछेंद्री ने पर्वतारोहण के लिए ‘ नायलॉन की रस्सी, ऑक्सीजन और फावडे ’ का उपयोग किया था ।

4.एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने क्या किया ?

- उत्तर :एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने फावडे से पहले बर्फ की खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया ।
- इसके बाद अपने घुटनों के बल बैठी ।
- बर्फ पर अपने माथे को लगाकर उन्होंने सागरमाथे के ताज का चुंबन किया ।
- बिना उठे ही हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ का चित्र निकालकर लाल कपडे में लपेटा और छोटी – सी पूजा करके इनको बर्फ में दबा दिया ।

## चार–पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1. बिछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?
उत्तर: बिछेंद्री ने पहाड पर चढने के लिए अनेक पहाडों पर चढकर अपने लक्ष्य को ताजी रखी । बिछेंद्री ने एवरेस्ट चढने के दिन सुबह चार बजे उठी ,
बर्फ पिघलाई और चाय बनाई । कुछ बिस्कुट और आधी चॉकलेट का हल्का नाश्ता करने के पश्चात वे लगभग साढे पाँच बजे अपने तंबू से निकल पडी ।

2.दक्षिणी शिखर पर चढते समय बिछेंद्री के अनुभव के बारे में लिखिए ।
उत्तर : दक्षिणी शिखर पर चढ़ते समय बिछेंद्री एक नायलॉन की रस्सी के सहारे शिखर पर चढ़े ।
और आवश्यक चार लीटर ऑक्सीजन की अपेक्षा लगभग ढाई लीटर ऑक्सीजन प्रति मिनट की दर से लेकर चढ़ रही थी ।
रेगुलेटर पर जैसे ही ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाई तो उनका कठिन चढ़ाई आसान लगने लगी ।

3.प्रस्तुत पाठ से क्या संदेश मिलता है ?

उत्तर : प्रस्तुत पाठ से यह संदेश मिलता है कि

साहस गुण, दृढ निश्चय, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना इत्यादि आदर्श गुण सीख सकते है ।

इसके साथ हिमालय की ऊँची चोटियों की जानकारी भी मिलती है ।

बिछेंद्री की तरह बचपन से ही मुसीबतों को सामना करना चाहिए ।

इस पाठ से जान सकते है कि मेहनत का फल अच्छा होता है ।

**जोडकर लिखिए ।**

1. गंगोत्री ग्लेशियर की चढ़ाई – 1982
2. पर्वतारोहियों का सम्मेलन – 1983
3. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचना – 1984 ।

**अनुरूप शब्द लिखिए ।**

1.पहाड : सिरि :: चीटी : ......................

2कालानगर : पर्वत :: गंगोत्री : ...................

3.कर्नक : खुल्लर :: मेजर : ....................

4.चाय : गरम :: बर्फ : ........................

5.पहले हिमालय्रोही पुरुष : तेनजिंग नोर्गे :: पहली एवरेस्ट पर्वतारोही महिला :................

उत्तर : 1. शिखर 2. ग्लेशियर 3. कुमार 4. ठण्डी 5. जुंके ताबी

**स्त्री लिंग शब्द लिखिए ।**

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| 1.बाप | माँ |
| 2.पुरुष | स्त्री / महिला |
| 3. भाई | बहन |
| 4. बेटा | बेटी |
| 5. श्रीमान | श्रीमती |

**उदाहरण के अनुसार लिखिए ।**

1. पढ़ + आई = पढ़ाई 2. चढ़ + आई = चढ़ाई

3. कठिन + आई = कठियाई 4. उँचा + आई = ऊँचाई

5. बढ़ + आई = बढ़ाई

**अन्य वचन लिखिए।**

1.चट्टान – चट्टानें 2. रस्सी – रस्सियाँ 3. शीशा – शीशे 4. चोटी – चोटियाँ

5. चादर – चादरें

**विलोम शब्द लिखिए ।**



GHSBALEHOLE

1.आरोहण × अवरोहण 2. चढ़ना × उतरना 3. ठंडा × गरम

4. परिश्रम × आलस 5. सामने × पीछे

**समानार्थक शब्द लिखिए ।** उदा – पहाड़ = गिरि – पर्वत

1. चोटी = शिखर – शिखा 2. सुबह = सवेरा – प्रातः

3. महिला = स्त्री – औरत 4. नज़दीक = पास – निकट

**निम्न शब्दों में विशेषण तथा संज्ञा शब्दों को अलग–अलग कीजिए ।**

शब्द संज्ञा विशेषण उदा – ऊँचा पर्वत पर्वत ऊँचा

| शब्द | संज्ञा | विशिषण |
|---|---|---|
| 1. मधुर स्वर | स्वर | मधुर |
| 2. कर्कश आवाज़ | आवाज़ | कर्कश |
| 3. बड़ा साधु | साधु | बड़ा |
| 4. ठंडी हवा | हवा | ठंड़ी |
| 5. नायलॉन रस्सी | रस्सी | नायलॉन |

**अनेक शब्द के लिए एक शब्द दियेगो हैं, ढूँढकर लिखिए ।**

1.जहाँ पहूँचा जा न सके : दुर्गम

2.मास में एक बार आनेवाला : मासिक

3.जो कभी न मरे : अमर

4.अच्छे चरित्रवाला : सच्चरित्र

5.जो आँखों के सामने हो : प्रत्यक्ष

6.जो स्थिर रहे : स्थाई

7.जिसे क्षमा ना किया जा सके : अक्षम्य

8.जो वन में घूँमता हो : वनचर

9.जिसका संबंध पश्चिम से हो : पाश्चात्य

10.जो उपकार मानता हो : कृतज्ञ

**कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए ।**

1. ಬಿಛೇಂದ್ರಿಯವರ ಜನ್ಮ ಒಂದು ಸಾಧಾರಣ ಕುಟುಂಬದಲ್ಲಿ ಆಗಿತ್ತು.

2.ಬಿಛೇಂದ್ರಿಯವರು ಪ್ರತೀ ದಿನ ನಡೆದುಕೊಂಡು ಶಾಲೆಗೆ ಹೋಗಬೇಕಾಗಿತ್ತು.

3. ದಕ್ಷಿಣ ಶಿಖರದ ಮೇಲೆ ಗಾಳಿಯ ವೇಗ ಹೆಚ್ಚಾಗಿತ್ತು.

4. ಯಶಸ್ಸು ಬಹಳ ಹತ್ತಿರದಲ್ಲಿದೆ ಎಂದು ನನಗೆ ಅನಿಸಿತ್ತು.

5. ನಾನು ಎವರೆಸ್ಟ್ ಶಿಖರದ ಮೇಲೆ ತಲುಪಿದ ಭಾರತದ ಪ್ರಥಮ ಮಹಿಳೆ ಆಗಿದ್ದೆ.

## पाठ–14 सूर–श्याम

**कवि का नाम : सूरदास**

**प्रश्नोत्तर के साथ कवि परिचय :**

1.हिंदी साहित्याकाश के सूर्य किसे माना जाता है ?



GHS BALEHOLE

उत्तर: कवि सूरदासजी को हिंदी साहित्याकाश के सूर्य माना जाता है ।
2.कृष्ण भक्ति शाखा के प्रवर्थक किसे माना जाता है ?
उत्तर: कवि सूरदासजी को कृष्ण भक्ति शाखा के प्रवर्थक माना जाता है ।
3.कवि सूरदास जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
उत्तर: कवि सूरदास जी का जन्म सन् 1540 में उत्तर प्रदेश के रुनकता गाँव में हुआ
4.कवि सूरदास जी की मृत्यु कब हुई ?
उत्तर: कवि सूरदास जी की मृत्यु सन् 1642 में हुई ।
5.सूरदासजी की काव्यों में किसका त्रिवेणी संगम हुआ हैं ।
6.उत्तर : सूरदासजी की काव्यों में वात्सल्य, श्रृंगार तथा भक्ति का त्रिवेणी संगम हुआ हैं ।
5. सूरदास जी की प्रमुख रचनाएँ कौन–कौनसी हैं ?
उत्तर : सूरसागर ,सूरसारावली , साहित्यलहरी । आदि सूरदास जी की प्रमुख रचनाएँ हैं ।

## एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. सूर–श्याम पद के रचयिता कौन है ?**
उत्तर : सूर–श्याम पद के रचयिता सूरदास है ।
**2. कृष्ण की शिकायत किसके प्रति है ?**
उत्तर : कृष्ण की शिकायत बलराम के प्रति है ।
**3. यशोदा और नंद का रंग कैसा था ?**
उत्तर : यशोदा और नंद का रंग गोरा था ।
**4. चुटकी दे–देकर हँसनेवाले कौन थे ?**
उत्तर : चुटकी दे–देकर हँसनेवाले बलराम और ग्वाल बाल थे ।
**5. यशोदा किसकी कसम खाती है ?**
उत्तर : यशोदा गोधन की कसम खाती है ।
**6. बालकृष्ण किससे शिकायत करता है ?**
उत्तर :– . बालकृष्ण अपनी माँ यशोदा से शिकायत करता है ।
**7. बलराम के अनुसार किसे मोल लिया गया है ?**
उत्तर : बलराम के अनुसार श्रीकृष्ण को मोल लिया गया है ।
**8. बाल कृष्ण का रंग कैसा था ?**
उत्तर : बाल कृष्ण का रंग काला था ।

## आ. दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

**1. कृष्ण , बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता ?**
उत्तर : कृष्ण के काले रंग के कारण भाई बलराम चिढाता है कि वह माता यशोदा का बेटा वह नहीं हैं । बल्कि मोल लिया गया है ।

GHSBALEHOLE

भाई बलराम के साथ सब ग्वाल बाल चुटकी बजा–बजाकर उसका मजाक करते है । इसलिए कृष्ण बलराम के साथ खेलने नहीं जाता ।

**2. बलराम , कृष्ण के माता–पिता के बारे में क्या कहता है ?**

उत्तर : कृष्ण के काले रंग के कारण भाई बलराम चिढाता है कि वह माता यशोदा का बेटा वह नहीं हैं । बल्कि मोल लिया गया है ।

**3. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है ?**

उत्तर : कृष्ण के अनुसार माता यशोदा हमेशा कृष्ण को ही मारती है , बलराम छिढाने पर भी बलराम को नहीं मारती इसलिए कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति नाराज है ।

**4. बालकृष्ण अपनी माता से क्या–क्या शिकायत करता है ?**

उत्तर : बालकृष्ण अपनी माता से यह शिकायत करता है कि

* अपने काले रंग के कारण भाई बलराम चिढाता है कि वह माता यशोदा का बेटा वह नहीं हैं, बल्कि मोल लिया गया है । * भाई बलराम के साथ सब ग्वाल बाल चुटकी बजा–बजाकर उसका मजाक करते है ।

**5.यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?**

उत्तर : यशोदा अपने प्यारे कृष्ण को पुचकारकर कहती है कि कृष्ण ही उनका प्यारा और दुलारा बेटा है , बलराम तो जन्म से ही चुगलखोर है, वह कृष्ण को विश्वास दिलाने के लिए गोधन पर कसम खाकर कहती है कृष्ण ही अपना पुत्र है ।

**6. यशोदा कृष्ण को किस प्रकार सांत्वाना देती है ?**

उत्तर : यशोदा कहती है बलराम जन्म से ही चुगलखोर है , मैं गो धन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं हूँ तेरी माता और तुम मेरे पुत्र हो इस प्रकार यशोदा कृष्ण को सांत्वाना देती है ।

**इ. चार–छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. सूर–श्याम पद का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।**

* बालकृष्ण अपनी माता से यह शिकायत करता है कि अपने काले रंग के कारण भाई बलराम चिढाता है कि वह माता यशोदा का बेटा वह नहीं हैं । बल्कि मोल लिया गया है ।
* भाई बलराम के साथ सब ग्वाल बाल चुटकी बजा–बजाकर उसका मजाक करते है ।
* यशोदा अपने प्यारे कृष्ण को पुचकारकर कहती है कि कृष्ण ही उनका प्यारा और दुलारा बेटा है,बलराम तो जन्म से ही चुगलखोर है, वह कृष्ण को विश्वास दिलाने के लिए गोधन पर कसम खाकर कहती है कृष्ण ही अपना पुत्र है ।

**ई. पद्य भाग को पूर्ण करे ।**

**1. गोरे नंद** जसोदा गोरी , तुम कत स्यामं सरीर ।
चुटकी दै दै हँसत ग्वाल , सब सिखै देत **बलबीर ॥**



GHS BALEHOLE

**2. सुनहु कान्ह** बलभद्र चबाई जनमत ही को धूत ।
सूर– स्याम मोहिं गोधन की सौं हौं माता **तू पूत** ॥

**अनुरूपता ।**

1.बलभद्र : बलराम :: कान्ह : .......................
2.जसोदा : माता :: नंद : .......................
3.रीझना : मोहित होना :: खीजाना :.........................
4.बलबीर : बलराम :: जसोदा : ......................

उत्तर : 1.कृष्णा 2. बलराम 3.चिढाना 4.यशोदा

## पाठ–15 कर्नाटक– संपदा

**विस्तृत रूप लिखिए :**

**एच.ए.एल** – हिन्दुस्तान एरोनाटिकल लिमिटेड
**एच. एम. टी .** – हिन्दुस्तान मशीन टूल्स
**आइ.टी.आइ** – इंडियन टेलिफोन इंडस्ट्रीस
**बी.इ.एल** – भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड
**बी.एच.ई.एल** – भारत हेवी इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. पश्चिमी घाट किसे कहते है ?**
**उत्तर :** कर्नाटक के दक्षिण छोर से उत्तर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते है ।
**2. कर्नाटक में कौन– कौन से जलप्रपात हैं ?**
**उत्तर :** कर्नाटक में जोग,अब्बी,गोकाक और शिवन समुद्र आदी जलप्रपात हैं ।
**3. श्रवणबेलगोल की गोमटेश्वर मूर्ति की ऊँचाई कितनी है ?**
**उत्तर :** श्रवणबेलगोल की गोमटेश्वर मूर्ति की ऊँचाई 57 फूट है ।
**4.किस नगर को सिलिकॅान सिटी कहा जाता है ?**
**उत्तर :** बेंगलूरु नगर को सिलिकॅान सिटी कहा जाता है ।
**5.भद्रावती के दो प्रमुख कारखानों के नाम लिखिए ।**
**उत्तर :** भद्रावति में कागज, लोहे और इस्पात के बडे कारखाने हैं ।
**6. सेंट फिलोमिना चर्च किस नगर में है ?**
उत्तर : सेंट फिलोमिना चर्च मैसूर नगर में है ।
**7. बिजापुर नगर का प्रमुख आकर्षण स्थान कौनसा है ?**
उत्तर:–बिजापुर नगर का प्रमुख आकर्षण स्थान गोलगुंबज की व्हिस्पिरिंग गैलरी है ।
**8. अरब्बी समुद्र कर्नाटक की किस दिशा में है ?**

GHS BALEHOLE

उत्तर : अरब्बी समुद्र कर्नाटक की पश्चिम दिशा में है

**9. कर्नाटक की दक्षिण दिशा में कौनसी पर्वतमालाएँ शोभायमान है ?**

उत्तर : कर्नाटक की दक्षिण दिशा में नीलगिरी की पर्वत मालाएँ शोभायमान हैं।

**आ. दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जल प्रपात कौन–कौनसे हैं ?**

उत्तर : कावेरी, कृष्णा ,तुंगभद्रा नदियाँ और जोग,अब्बी,गोकाक और शिवन समुद्र आदी जलप्रपात है ।

**2. कर्नाटक के किन साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है ?**

उत्तर :– कर्नाटक के द.रा.बेंद्रे , शिवरामकारंत , मास्तिवेंकटेश अय्यंगार , वि.कृ. गोकाक ,यू.आर.अनंतमूर्ति , गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है ।

**3. बाँध और जलाशयों के क्या उपयोग है ?**

उत्तर : बाँधों से हजारो एकड जमीन सींची जाती है । इन नदियों के जलाशयों की सहायता से ऊर्जा (बिजली ) उत्पादन करते हैं ।

**4. कर्नाटक के कुछ प्रमुख राजवंशों के नाम लिखिए ।**

उत्तर : गंगा, कदंब, राष्ट्रकूट, चालुक्य, होय्सल ओडेयर आदी राजवंशजों ने तथा राणी अब्बक्कदेवी , कित्तूर चेन्नम्म, टिप्पू सुल्तान, आदिलशाह जैसे शासकों ने शासन किया ।

**5. कर्नाटक में कौन–कौनसी बृहत् संस्थाएँ है ?**

उत्तर :– कर्नाटक के बेंगलूर में भारतीय विज्ञान संस्थान, एच.ए.एल, एच.एम.टी, आइ.टी.आइ, आदी बृहत् संस्थाएँ है

**इ. चार–पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।**

- उत्तर: कर्नाटक विशेष प्राकृतिक सौंदर्य से भरा है ।
- यहाँ के लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते है । इन्ही घाटों में . नीलगिरी की पर्वतमालाएँ है ।
- यहाँ पवित्र कावेरी, कृष्णा, तुगभद्र नदियाँ और जलाशय भी हैं । और . कर्नाटक चंदन का आगर है ।

**2. कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए ।**

- उत्तर: कर्नाटक के बेलूर, हलेबीड, सोमनाथपुर वास्तुकला और शिल्पकला की दृष्टी से विश्व विख्यात है ।



GHS BALEHOLE

- इन मंदिरों की मूर्थियाँ रामायण महाभारत और पुराणों की कहानियाँ सुनाती है।
- और श्रवणबेलगोल में 57 फूट ऊँची गोमटेश्वर की एक विशाल मूर्ति त्याग और शांती का संदेश देती है ।
- बिजापुर के गोलगुंबज भी वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण है ।

**3. कन्नड के साहित्यकारों की कन्नड भाषा तथा संस्कृति का क्या देन है ?**

- उत्तर :अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे अनेक संतों ने वचनों द्वारा प्रेम, दया ,धर्म को सिखाए है ।
- पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति और नीति संबंधि कविताएँ लिखे हैं ।
- पंप, पोन्न,रन्न, कुमारव्यास हरिहर राघवांक जैसे प्राचीन कवियों ने अपनी रचना द्वारा साहित्य की श्रीवृद्धी की है ।
- आधुनिक काल के कुवेंपु ,बेंद्रे कारंत आदी कवियों ने ज्ञानपीठ पुरस्कार पाकर कन्नड भाषा ,साहित्य,संस्कृति की देन दी है ।

**ई. कोष्ठक में दिये गये शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए :**
**( गंगा, त्याग, पुराण , वैभव, कीर्ति, साबुन, चंदन, शांति )**

1. कर्नाटक को..............का आगर कहते है ।
2. गोमटेश्वर की प्रतिमा दुनिया को त्याग और ............ का संदेश दे रही हैं ।
3. मैसूर का राजमहल कर्नाटक के...................का प्रतीक है ।
4. कर्नाटक के अनेक साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की .............. फैलाई ।

**उत्तर :-** **1.** चंदन 2. शांति 3. वैभव 4.कीर्ति

उ. **कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए ।**

**1.** कर्नाटक में कन्नड भाषा बोली जाती है । और इसकी राजधानी बेंगलूरु है ।

उत्तर :- ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕನ್ನಡ ಭಾಷೆಯನ್ನು ಮಾತನಾಡುತ್ತಾರೆ, ಮತ್ತು ಇದರ ರಾಜಧಾನಿ ಬೆಂಗಳೂರು ಆಗಿದೆ.

2. कर्नाटक में चंदन के पेड विपुल मात्रा में हैं ।

उत्तर :- ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಗಂಧದ ಮರಗಳು ಹೇರಳವಾಗಿವೆ .

3. जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है ।

उत्तर : ಜಗನ್ಮೋಹನ್ ಅರಮನೆಯ ಪುರಾತತ್ವ ವಸ್ತು ಸಂಗ್ರಹಾಲಯವು ತುಂಬಾ ಆಕರ್ಷಣೀಯವಾಗಿದೆ .

4. वचनकार बसवण्ण कांतिकारी समाज सुधारक थे ।

उत्तर :- ವಚನಕಾರ ಬಸವಣ್ಣನವರು ಕ್ರಾಂತಿಕಾರಿ ಸಮಾಜ ಸುಧಾರಕರಾಗಿದ್ದರು .

GHS BALEHOLE

**ऊ. नमूने के अनुसार इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

उदा : पर्वत =आद्रि, पहाड ,गिरि

1. सागर = समुद्र ,जलाधि , सिंध 2. आगार = गृह , घर , आलय

3. जल = पानी , नीर , वारी 4. आकाश = गगन , नभ

**ऋ. विलोम शब्द लिखिए :**

1. सुंदर × कुरूप 2. विदेश × स्वदेश

3. आदि × अनादी 4. सजीव × निर्जीव

5. सदाचार × दुराचार 6. आयात × निर्यात

**ए. उदाहरण के अनुसार बहुवचन रूप बनाना सीखिए :**

उदा : संधि – संधियाँ

1. मूर्ति – मूर्तियाँ 2. उपलब्धि – उपलब्धियाँ 3. कृति – कृतियाँ

4.नीति – नीतियाँ 5. संस्कृति – संस्कृतियाँ 6. पद्धति – पद्धतियाँ

7. नदि –नदियाँ 8. दिशा – दिशाएँ

**ऐ. विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए :**

1. दिग्गज – दिक् + गज = व्यंजन संधि

2. पर्वतावली – पर्वत + आवली =दीर्घसंधि

3. संग्रहालय – संग्रह + आलय = दीर्घसंधि

4. जलाशय – जल् + आशय = दीर्घसंधि.

5. जगनमोहन – जगत् + मोहन = व्यंजन संधि

6. सदाचार – सत् + आचार = व्यंजन संधि

7.अत्यंत – अति + अंत = यणसंधि

ओ. **विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए ।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. देश–विदेश | देश और विदेश | द्वंद्व समास |
| 2. जलप्रपात | जल से प्रपात | तत्पुरुष समास |
| 3. राजवंश | राजा का वंश | तत्पुरुष समास |
| 4. राजमहल | राजा का महल | तत्पुरुष समास |

**सही विकल्प को रेखांकित कीजिए ।**

1. तुंगभद्रा नदी इन राज्यों में बहती है ।

अ) कर्नाटक – तमिलनाडु आ) कर्नाटक – महाराष्ट्र

इ) कर्नाटक – आंद्रप्रदेश    ई) कर्नाटक – केरल

**उत्तरः–** <u>इ) कर्नाटक – आंद्रप्रदेश</u>

2. श्रवणबेलगोल की गोमटेश्वर मूर्ति का निर्माण इन्होने कराया था ।

अ) दीवान पूर्णय्या    आ) मिर्जा इस्माइल

इ) श्री वीरेंद्र हेग्गडे    ई) चाउंडराय

उत्तर :– ई) चाउंडराय

3. ज्ञानपीठ से पुरस्कृत प्रथम कन्नड साहित्यकार ये है।

अ) चंद्रशेखर कंबार  आ) कुवेंपु  इ) यू.आर.अनंतमूर्ति  ई) गिरीश कार्नाड

उत्तर :– आ) कुवेंपु

4. कन्नड भाषा के प्रथम राष्ट्रकवि की उपाधी से अलंकृत साहित्यकार ये है ।

<u>अ) गोविंद पै</u>    आ) कुवेंपु    इ) जी.एस.शिवरुद्रप्प    ई) ती.नं.श्री

उत्तर :– अ) गोविंद पै

**अनुरूपता :**

1.दक्षिण से उत्तर के छोर की पर्वतमाला : पश्चिमी घाट :: दक्षिण की पर्वतावलियाँ : ..............................

2.कर्नाटक : चंदन का आगर :: बेंगलूर : ..............................

3.सी.वी.रामन : नोबल पुरस्कृत :: सर्.एम्.विश्वेश्वरय्या : ........................

4.भद्रावती : लोहे और इस्पात :: मैसूर : ..............................

5.कावेरी : नदी :: जोग : ...................................................

6.बेलूर : शिल्पकला :: गोल गुंबज : ..................................

7.सेंट फिलोमिना :: गोलगुंबज : ........................................

8.कृष्णदेवराय : शासक :: राष्ट्रकूट : ....................................

9.बसवण्ण : वचनकार :: कनकदास :: ...............................

10.पंपा : प्राचीन कवि :: कंबार : .......................................

**अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :**

**1.ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कन्नड के कवियों के नाम बताइए ।**

**उत्तर :** कुवेंपु , द.रा.बेंद्रे , शिवरामकारंत , मास्तिवेंकटेश अय्यंगार , वि.कृ. गोकाक, यू.आर.अनंतमूर्ति , गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार, हैं ।

**2. सिलिकॅान सिटी नाम से प्रख्यात नगर कौनसा है ।**

उत्तर : बेंगलूरु सिलिकॅान सिटी नाम से प्रख्यात नगर है ।

1. बेंगलूर.............के केंद्र और .................का केंद्र है ।

उत्तर : शिक्षा,  उद्योग धंधों
2. भारत के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम ..................है ।
उत्तर : भारतरत्न
3. कर्नाटक को विश्व पटल पर अंकित करने का श्रेय किन–किन दिग्गजों को मिला हैं ?
उत्तर : सर.सी.वी.रामन , सर्.एम.विश्वेश्वरय्या , डा.सी.एन.आर.राव, डा.शाकुंतलादेवी, और प्रौद्योगिक क्षेत्र में नारायण मूर्ति और आदियों कर्नाटक को विश्व पटल पर अंकित करने का श्रेय इन दिग्गजों को मिला है

## पाठ–11 बाल शक्ति

**कवि का नाम : जगतराम आर्य** **पाट की विधा : लघु नादिका**

1.जगतराम आर्य का जन्म औत मृत्यु कब हुई ?
उत्तर: जन्म–16 दिसंबर सन् 1910 में हुआ ।
मृत्यु–4 आगस्त सन् 1993 में हुआ ।
2.जगतराम आर्य की शिक्षा किसकी देख–रेख में हुई ?
उत्तर : जगतराम आर्य की शिक्षा पं तुलसीराम जी की देख–रेख में हुई ।
3.शहीद भगतसिंह के साथ किस कवि ने क्रांतिकारी घट्नाओं में जुड रहे ?
उत्तर: शहीद भगतसिंह के साथ कवि जगतराम आर्य ने क्रांतिकारी घट्नाओं में जुड रहे ।
4.किस कवि ने कई दिन तक अज्ञातवास भी किया है ?
उत्तर: कवि जगतराम आर्य ने कई दिन तक अज्ञातवास भी किया है ।

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।**

1.कौन – कौन कंचे खेल रहे थे ?
उत्तर : रामू और श्यामू कंचे खेल रहे थे ।
2.खेल में कौन सदा बेईमानी करता है ?
उत्तर : खेल में रामू सदा बेईमानी करता है ।
3.रामू को स्कूल जाने के लिए कौन कहता है ?
उत्तर: रामू को स्कूल जाने के लिए मोहन कहता है ।
4.रामू ने किस विषय का गृह – कार्य नहीं किया था ?
उत्तर : रामू ने गणित विषय का गृह – कार्य नही किया था ।
5.हमें किस उम्र में अच्छी आदतें डालनी है ?
उत्तर : हमें छोटी उम्र में अच्छी आदतें डालनी है ।
6.रामू को टोली में लाने की जिम्मेदारी किसने ली ?
उत्तर: रामू को टोली में लाने की जिम्मेदारी संजय ने ली ।

GHS BALEHOLE

7.टोली का मुखिया कौन बना ?
उत्तर :टोली का मुखिया मोहन बना ।
8.बच्चों की तारीफ किसने की ?
उत्तर: बच्चों की तारीफ कलेक्टर साहब ने की ।

**दो – तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।**

1.रामू में कौन – कौन सी बुरी आदतें थीं ?
उत्तर : रामू बहुत सारी बुरी आदतें थी जैसे

- खेल में बेईमानी करना,
- झूठ बोलना,
- आलसी इसी कारण वह गृह कार्य भी नही करता था ।

2.गाँव की सफाई के लिए बालक क्या काम करते हैं ?

- उत्तर : गाँव की सफाई के लिए बालक रोज एक घंटा गाँव की सफाई काम करने का निश्चय किए ।
- गाँव को हरा भरा रखने के लिए गाँव के चारों तरफ पेड़ – पौधे लगाने को निश्चय किए ।

3.गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता हैं ?

- उत्तर : गाँव को साफ – सुथरा रखने से,
- गाँव में पेड–पौधे लगाकर हरा–भरा करने से
- गाँव के गड्ढे मिट्टि से ढांपने से
- विशेष रूप से गाँव में स्वच्छ वतावरण उत्पन्न करने से आदर्श गाँव बनाया जा सकता है ।

4.कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई में क्या कहा ?

- उत्तर : गाँव को इन बच्चों ने एक नया जीवन प्रदान किए है ।
- इन बच्चों की जितनी बड़ाई की जाए उतनी ही कम है ।
- इन सबने मिलकर गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया है ।
- बाल–शक्ति के कारण गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है ।
- सरकार की तरफ से 'बाल–शक्ति' टोली को पाँच हज़ार रुपये दिए ।
- इस प्रकार गाँव को साफ–सुथरा देखकर खुश होते हुए कलेक्टर बच्चों की बड़ाई में कहा ।

5.पाँच हज़ार रुपये मिलने पर मोहन क्या सोचता है ?

- उत्तर :पाँच हज़ार रुपये मिलने पर मोहन सोचता है कि ये रुपये हम प्रधानाध्यापक जी को दे देंगे ।
- स्कूल के पुस्तकालय में गरीब बच्चों के लिए हम पुस्तकों का प्रबंध करेंगे ।

### मिलान कीजिए ।

| अ | आ | उत्तर |
| --- | --- | --- |
| 1. बेईमानी करनेवाला | मोहन | – रामू । |
| 2.टोली का नाम | पाँच हज़ार | – बाल–शक्ति । |
| 3.इनाम के रुपये | बुजुर्ग | – पाँच हज़ार । |
| 4.टोली का मुखिया | रामू | – मोहन । |
| 5. ये गाँव के सपूत हैं | बाल–शक्ती | – बुजुर्ग । |

### खाली जगह भरिए ।

1.रामू और श्यामू .................. खेल खेल रहे थे ।
2. .................. की कापी घर पर भूल आया हूँ ।
3.अभी से अच्छी .................. डालनी चाहिए ।
4. .................. की गंदी आदते छुडवाएँगे ।
5.रोज एक घंटा गाँव की .................. में लगाएँगे ।
6.कूडा डालने केलिए एक .................. जगह बनाएँगे
7.आपका गाँव एक .................. गाँव बन गया है ।
उत्तर 1.कंचे 2.गणित 3.आदतें 4.रामू 5.सफाई 6.निश्चि 7.आदर्श

**विलोम शब्द लिखिए** । उदा – अपना × पराया

1. रात × दिन 2.आदि × अंत 3.आयात × निर्यात 4.आय × व्यय
5.उल्टा × सीधा 6.हानी × लाभ 7.तोड़ × जोड़ 8.थोड़ा × ज्यादा
9.उतार × चढ़ाव 10.बेईमानी × ईमानी

## पाठ–17 कोशिश करनेवालों की हार नही होती ।

कवि का नाम : सोहनलाल द्विवेदी

**प्रश्नोत्तर के साथ कवि परिचय :**

1.सोहनलाल द्विवेदी जी का जन्म और मृत्यु कब हुई ?
उत्तर: जन्म–23 जनवरी सन् 1906 में हुआ, और मृत्यु–सन् 1988 में हुई ।
2.सोहनलाल द्विवेदी जी किस पत्रिका के संपादक थे ?
उत्तर: सन् 1938 से सन् 1942 तक ‘ दैनिक अधिकार ’पत्रिका के संपादक थे।
3.सोहनलाल द्विवेदी जी ने अवैतिक ( बिना वेतन ) से किस पत्रिका का संपादन किया ?
उत्तर: सोहनलाल द्विवेदी जी ने अवैतिक ( बिना वेतन ) से ‘बाल सखा’ पत्रिका का संपादन किया ।
4.सोहनलाल द्विवेदी जी किससे अत्यधिक प्रभावित थे ?

उत्तर: सोहनलाल द्विवेदी जी महात्मा गाँधीजी से अत्यधिक प्रभावित थे ।
5.सोहनलाल द्विवेदी जी को किस उपाधि से अलंकृत किया गया है ?
उत्तर : सोहनलाल द्विवेदी जी को **'राष्ट्रकवि'** नामक उपाधि से अलंकृत किया गया है ।
6.सोहनलाल द्विवेदी जी की प्रमुख रचनाएँ कौन–कौनसी है ?
उत्तर: भैरवी, वासवदत्ता,कुणाल,पूजागीत,विषपान, युग्धारा,जय गाँधी आदी
7.सोहनलाल द्विवेदी जी की प्रमुख बाल–साहित्य कौनसी हैं ?
उत्तर:बाल भारती, शिशु भारती, बिगुल, बासुरी, नेहरू चाचा आदी हैं ।

## एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1.किससे डरकर नौका पार नहीं होती ?
उत्तर : **लहरों** से डरकर नौका पार नहीं होती ।
2.किनकी हार नहीं होती है ?
उत्तर : कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती है ।
3.दाना लेकर कौन चलती है ?
उत्तर : **चींटी**, दाना लेकर चलती है ।
4.चींटी कहाँ चढती है ?
उत्तर : चींटी **दीवार पर** चढती है ।
5.किसकी मेहनत बेकार नहीं होती ?
उत्तर : कोशिश करनेवालों की मेहनत बेकार नहीं होती ।
6.सागर में डुबकियाँ कौन लगाता है ?
उत्तर: **गोताखोर** सागर में डुबकियाँ लगाता है ।
7.मोती कहाँ मिलता है ?
उत्तर : मोती **सागर** के गहरे पानी में मिलता है ।
8.किसकी मुट्ठी खाली नहीं होती ?
उत्तर : कोशिश करने वालों की मुट्ठी खाली नहीं होती है ।
9.किसका मैदान छोड़कर भागना नहीं चाहिए ?
उत्तर : **संघर्ष** का मैदान छोड़कर भागना नहीं चाहिए ।
10.कुछ किये बिना ही क्या नहीं होती है ?
उत्तर : कुछ किये बिना ही **जय–जयकार** नहीं होती है ।

## दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1.चींटी के बारे में कवि क्या कहते हैं ?
उत्तर: कवि सोहनलाल द्विवेदी चींटी के बारे में कहते है कि, नन्हीं चींटी दाना ले जाते समय दीवारों पर चढती और सौ बार पिसलती ( गिरती ) है । फिर भी मन का विश्वास नहीं छोडती, नहीं डरती कोशिश करता है । अंत में चींटी दिवार पर चढकर यश पाता है ।

2.गोताखोर के बारे में कवि के विचार क्या हैं ?
उत्त्र: गोताखोर सागर में कई बार डूबकर खाली हाथ वापस लौट आता है । सहज पानी में मोती नहीं मिलते है, उसके लिए गहरे पानी में जाना पडता है । इससे उसकी उत्साह दुगना बढता रहता है । अंत में उसकी हाथ खाली नहीं रहती है ।

3.असफलता से सफलता की ओर जाने के बारे में कवि क्या संदेश देते है ? उत्तर : असफलता एक चुनौती है, हमें इसे स्वीकार करना चाहिए ।

- असफलता का कारण पहचानकर गलतियों को सुधारना चाहिए ।
- जब तक हम हमारे काम में सफल नहीं होते तब तक नींद और चैन को त्याग देना चाहिए ।
- संघर्ष का मैदान छोड़कर हम भागना नहीं चाहिए ।
- हम कुछ किये बिना हमारी जय–जयकार नहीं होती है ।
- असफलता से सफलता की ओर जाने के बारे में कवि संदेश देते हुए कहते है

## जोड़कर लिखिए ।

| अ | आ | उत्तर |
|---|---|---|
| 1.लहर | डुबकियाँ | – नौका |
| 2.चींटी | चुनौती | – दाना |
| 3.गोताखोर | सुधार | – डुबकियाँ |
| 4.असफलता | दाना | – चुनौती |
| 5. कमी | नौका | – सुधार |

## भावार्थ लिखिए ।

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है ,
चढती दिवारों पर सौ बार फिसलती ।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है ,
चढकर गिरना, गिरकर चढना न अखरता है ।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती ।

उत्तर : कवि सोहनलाल द्विवेदी चींटी के बारे में बताते हुए कहते है कि, नन्हीं चींटी दाना ले जाने के समय दीवारों पर सौ बार चढ़कर सौ बार पिसलती है । मन का विश्वास रगों में भरता है । चढ़कर गिरता है और गिरकर चढ़ने के लिए डरता नहीं है । अंत में चींटी का मेहनत बेकार नहीं होती है । कोशिश करनेवालों की कभी भी हार नहीं होती हैं ।



GHSBALEHOLE

# शनि सबसे सुंदर ग्रह

## निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**1. सौर–मंडल का सबसे बडा ग्रह कौन–सा है ?**
उत्तर : बृहस्पति सौर–मंडल का सबसे बडा ग्रह है ।
**2. सौरमंडल में शनिग्रह का स्थान क्या है ?**
उत्तर : सौरमंडल में शनिग्रह का स्थान दूसरा है ।
**3. पृथ्वी और सूर्य में कितना फासला है ?**
उत्तर : पृथ्वी और सूर्य में 15 करोड कि.मी. फासला है ।
**4. शनि किसका पुत्र है ?**
उत्तर : शनि सूर्य का पुत्र है ।
**5. शनै:चर का अर्थ क्या है ?**
उत्तर : शनै:चर का अर्थ है धीमी गति से चलनेवाला ।
**6 सूर्य का एक चक्कर लगाने में शनि को कितना समय लगता है ?**
उत्तर : सूर्य का एक चक्कर लगाने में शनि को करीब तीस वर्ष समय लगता है।
**7. शानि एक राशी में कितने सालों तक रहता है ?**
उत्तर : शानि एक राशी में करीब ढाई सालों तक रहता है ।
**8. बहुत कम सूर्यताप किस ग्रह पर होता है ?**
उत्तर : बहुत कम सूर्यताप शनि ग्रह पर होता है ।
**9. शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है** ? अथवा
**शनि का वायुमंडल का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?**
उत्तर : :हाईड्रोजन , हीलियम , मीथेन , एमोनिया गैसों से शनि का निर्माण हुआ है ।
**10. सौर–मंडल का सबसे बडा उपग्रह कौनसा है ?**
उत्तर : * पहले टाइटन को सौरमंडल का सबसे बडा उपग्रह माना जाता था
* लेकिन वायजर यान की खोज से पता चला कि बृहस्पति का गैनीमीड उपग्रह सौर–मंडल का सबसे बडा उपग्रह है ।

## अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :

**1.शनि सबसे सुंदर ग्रह पाठ के लेखक कौन है ?**
उत्तर : गुणाकर मुले शनि सबसे सुंदर ग्रह पाठ के लेखक है ।
**2.शनि ग्रह पृथ्वी से कितना गुना बडा है ?**
उत्तर :.शनि ग्रह पृथ्वी से 750 गुना बडा है ।
**3. शनि के गोले का व्यास कितना है ?**
उत्तर : शनि के गोले का व्यास 116 हजार कि.मी. है ।

4. शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे **<u>150 सेंटिग्रेड</u>** के आस पास रहता है ।
5. शनि के पास धरती से भेजेगये स्वाचालित अंतरिक्षयान **<u>पयोनीयर</u>** तथा **<u>वायजर</u>** है ।

# सत्य की महिमा

## निम्नलिखित प्रश्नों को उत्तर लिखिए ।

**1. सत्य क्या होता है ? उसका रूप कैसे होता है ?**

**उत्तर :** सत्य बहुत भोला–भाला और सीधा–सादा होता है । जो आँखों से देखे वैसे ही निष्कपट से बोलना सत्य है ।

**2. झूठ का सहरा लेते है तो क्या क्या सहना पडता है ?**

उत्तर : झूठ का सहरा लेते है तो मूँह काला बनना और अपमानित बनना पडता है । तथा एक झूठ को छिपाने के लिए हजारों झूठ बोलना पडता है ।

**3. शास्त्र में सत्य बोलने की तरीखा कैसे समझाया गया है ?**

उत्तर : सत्यं ब्रूयात प्रियं ब्रूयात न ब्रूयात् सत्यम्प्रियम् ।
अर्थात ‘ सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे । अप्रिय सत्य मत बोलो ’ ।

**4. संसार में महान व्यक्तियों ने सत्य का सहारा लिया है सोदाहरण समझाइए ।**

उत्तर : संसार में जितने महान व्यक्ति हुए सबने सत्य का सहारा लिया है

- अपनि सत्य निष्ठा से राजा हरिश्चंद्र विश्व विख्यात है ।
- राजा दशरथ ने सत्यवान निभाने के लिए अपने प्राण त्याग दिया ।
- महात्मा गाँधीजी ने सत्य के द्वारा विदेशी शासन को झखझोर दिया ।

**5. महात्मा गाँधी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ।**

उत्तर : महात्मा गाँधीजी का कथन है कि सत्य एक विशाल वृक्ष है ।

- उसे जितना आदार किया जाता है उतने ही फल उसमें लगते है ।
- उसका अंत नही होता सत्य बोलने की आदत बचपन से ही होना चाहिए ।

**6. झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?**

उत्तर : झूठ तो क्षणिक सुख है , लेकिन निरंतर दुख है एक झूठ को छिपाने के लिए हजारों झूठ सृष्टी करनी पडती है । उनके साथ लोग व्यवहार करना नहीं चाहते है ।

6. **हर स्थिति में सत्य बोलने का अभ्यास क्यों करना चाहिए ?**

**अथवा** **जान मेन्सफील्ड के अनुसार सत्य क्या है ?**

उत्तर : * जान मेन्सफील्ड के अनुसार सत्य की नाँव से ही हम भव सागर को पार कर सकते है और

- सत्य की चिनगारी से असत्य पल भर में भस्म हो जाता है ।
- अर्थात् सत्यमेवा जयते ।



GHS BALEHOLE

- झूठ तो क्षणिक सुख है , लेकिन निरंतर दुख है, एक झूठ को छिपाने के लिए हजारों झूठ सृष्टी करनी पडती है ।
- झूठों के साथ लोग व्यवहार करना नहीं चाहते है ।

## नागरिक के कर्तव्य

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

1.मीना मैडम ने कितने दिनों के कार्यशिबिर आयोजन किया था ?

उत्तर : मीना मैडम ने समुदाय भवन में 15 दिनों के एक कार्यशिबिर आयोजन किया था

2.संभाषण का विषय क्या था ?

उत्तर : संभाषण का विषय था कि ' नागरिकों के मूल कर्तव्य '।

3.अकुल ने मीना मैडम से क्या कहा ?

उत्तर :एक नागरिक के हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्र–ध्वज, राष्ट्र–गाना, राष्ट्रीय–त्योहार आदि का आदर करना चाहिए । इस प्रकार अकुल ने मीना मैडम से कहा।

4.सलमा ने क्या कहा ?

उत्तर : सलमा ने कहा कि प्रकृति हमारी माता है, हमें प्राकृतिक संपदा का अपव्यय करना नहीं चाहिए । साथ ही पर्यावरणा को स्वच्छ रखना चाहिए ।

5.अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?

उत्तर :अन्वर ने मीना मैडम से कहा कि हमें आपस में भाईचारे का व्यवहार करना चाहिए । जाती, धर्म, भाषा , प्रदेश, वर्ग के भेदों को भूलकर स्नेह जीवन बिताना चाहिए ।

6.मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

उत्तर : मीना मैडम ने छात्रों से अंत में कहा कि 'आप सब को नागरिकों के मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए , इससे देश का कल्याण भी होगा ।

## पर्यावरण प्रदूषण

**प्रस्तावना** : पर्यावरण का अर्थ है हमारे चारो ओर का परिसर या वातावरण । प्रदूषण का अर्थ है मालिन्य या खराबी । आज प्रदूषण के कारण प्रकृति का संतुलन डग–मगा रहा है। इसलिए पर्यावरण की रक्षा करना हर एक का कर्थव्य है ।

GHSBALEHOLE

**प्रस्तुतीकरण** : आज प्रदूषण के कारण  मनुष्य मात्र नहीं प्राणियों का जीवन भी संकट में पड गया हैं । प्रदूषण आज अनेक प्रकार से हो रहा है ।

प्रमुख रूप से पर्यावर्ण प्रदूषण आज तीन प्रकार से हो रहा है ।

अ) वायु प्रदूषण : कारखानों के विषयुक्त धूम मोटार गाडियों आदियों से बनता हैं । इसलिए नियमित रूप से इनका उपयोग करे ।

आ) जल प्रदूषण : कारखानों की पानी नदि नालों में मिल जाने से ,वही बर्तन मांझने से , कपडे धोने से आदियों से बनता हैं ।

इ) ध्वनी प्रदूषण : मोटार वाहनों , ध्वनिवर्धकों आदियों  के अनुचित प्रयोग के कारण भी ध्वनी प्रदूषण हो रहा है इसलिए इनका नियमित रूप से उपयोग करे ।

**उपसंहार** : आज प्रदूषण के कारण अनेक बीमारियाँ फैल रही है । इसलिए पेड पौधों को लगाकर पर्यावरण को शुद्ध रखना चाहिए । नाटक और फिल्मों द्वारा और  वन महोत्सव को हर गल्लि में आचरण करके लोगों को जागृत रखना चाहिए । सर्कार भी कठिण नियमों को जारि करके वनों की रक्षा करना चाहिए ।

## जनसंख्या  की  समस्या

**विषय प्रवेश** : जनसंख्या  की वृद्धी भारत की एक बडी समस्या है आज भारत की जनसंख्या  विश्व में दूसरी स्थान पर है । जनसंख्या के कारण अनेक समस्याएँ  उद्भव हो जाती हैं

**जनसंख्या  की वृद्धी  के  कारण ।**

अ) विज्ञान की प्रगति एवं निशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था ।

आ) लोगों में अंधविश्वास के कारण बच्चे भगवान की देन माने जाते है ।

इ) परिवार नियोजन पालन नहीं करते  ।

ई) अशिक्षा अंधविश्वास रूढिवादिता ।

उ) आर्थिक स्थिति ।

ऊ) सर्कार द्वारा कठिण नियमों की कमि ।

**जनसंख्या  की  वृद्धी  के  परिणाम ।**

अ) जनसंख्या  की वृद्धी देश की प्रगती का मारक है।



GHS BALEHOLE

आ) बेरोजगारी की समस्या शुरु होती है ।

इ) बेकारी की समस्या शुरु होती है ।

ई) चीजों की मांग बढ्ती है अनेक कारखाने खोलना पडता है ।

उ) पर्यावरण प्रदूषित होती है , अनेक बीमारियाँ फैलती है ।

आदि समस्याएँ उद्भव हो जाती हैं ।

**उपचार ।**

आ) लोगों में अंधविश्वास को दूर करना

इ) परिवार नियोजन पालन करना ।

ई) अशिक्षा अंधविश्वास रूढिवादिता दूर करना ।

उ) आर्थिक स्थिति सुधारना ।

ऊ) सर्कार द्वारा कठिण नियमों की जारी करना ।

**उपसंहार :** देश के विकास में जनसंख्या की वृद्धी एक बहुत बडी बाधा है । इसलिए जनसंख्या को नियंत्रण करके लोगों को जागृत रखना हर एक का कर्थव्य है ।

## नारी तुम केवल श्रद्धा का पात्र हो ।

**विषय प्रवेष :** भरत में नारी का स्थान पूजनीय है । भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही नारी के प्रति श्रद्धा और भक्ति की भावना है ।

**विषय विस्तार :** भारत में नारी के प्रति पूजा भाव रहने के कारण सिंधु , कावेरी आदि नदियों को भी नारी का नाम रखे हैं । वेद उपनिषद काल से भी नारी ने शास्त्र , गणित ,खगोल विज्ञान आदि क्षेत्रों में प्रवीण थी ।

आज भी नारी किसी क्षेत्र में कम नहीं है । आज वह पुरुषों की तरह आकाश में पक्षियों की तरह उड सकती है , मछली की तरह तैर सकती है । शिक्षा , चिकित्सा , विज्ञान , राजनीती आदी क्षेत्रों में भी नारी पुरुष के समान है ।

प्राचीन काल में झान्सीराणी लक्ष्मीबाई ,बेलवाडि मल्लम्मा ,कित्तूर राणी चेन्नम्म ,आदि महिलाएँ अंग्रेजों के विरुद्ध के युद्ध में देश के लिए प्राणार्पण करके अमर नारी बन गयी ।

GHSBALEHOLE

स्वतंत्रता के बाद सरोजिनि नायडू ,श्रीमती इंदिरा गाँधी , शीला दीक्षित, श्रीमती प्रतिभा पाटील आदी महिलाएँ राजनीति क्षेत्र में प्रशासनीय कार्य संभालकर सुप्रसिद्ध है ।

खगोल या अंतरिक्ष क्षेत्र में कल्पना चाव्ला सुनीता विलियम्स का साहस अविस्मरणीय है । क्रीडा क्षेत्र में पी,टी,उषा , सानिया मिर्जा , अश्विनि नाचप्प आदी सुप्रसिद्ध है

**उपसंहार :** माता ही प्रथम गुरु है आदर्श नारी जीजाबाई ,भुवनेश्वरी देवी ,जैसी सुसंस्कृत महिलावों से विवेकानंद , शिवाजी आदि महान पुरुषों का चरित्र निर्माण हुआ । नारी सहनामणि है इसलिए धर्ती को भी मातृत्व का स्थान प्राप्त हुआ है जो भी रहे भारत में नारी का स्थान पूजनीय है ।

## पुस्तकालय

**प्रस्तावना :**पुस्तकालय का अर्थ है पुस्तकों से युक्त घर है । अर्थात ज्ञान का भंडार है । पुस्तकालय ज्ञान का प्रचार और प्रसार करने का एक प्रमुख साधन है । पुस्तकालय से समय का सदुपयोग होता है । पुस्तकालय में बैठे–बैठे संपूर्ण विश्व की जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

**प्रस्तुतीकरण :** एक देश की प्रगति को उन देशों की पुस्तकालयों की संख्या से समझ सकते है। पुस्तकालय चरित्र निर्माण करने का एक मंदिर है । पुस्तकालय गरीबों की बंधु है।
. पुस्तकालय में अनेक प्रकार है ।

अ) सार्वजनिक पुस्तकालय : जो भी चाहे यहाँ आकर पढ सकते है । और सदस्य बनकर पुस्तकों को घर ले भी जा सकते है ।
आ) निजी पुस्तकालय : यह घर में खु:द्ध बना सकते है ।
इ) स्कूल कालेजों का पुस्तकालय : यह स्कूल कालेजों में रहता है



GHS BALEHOLE

ई) संचारी पुस्तकालय : यह बडे–बडे नगरों में रहता है । एक बडे वाहन पुस्तकों को भरकर घूमता रहता है ।

**उपसंहार** : पुस्तकालय एक राष्ट्र की अमूल्य निधि है । नहीं ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते अर्थात ज्ञान के समान कोयी वस्तु नहीं होती । ऐसे विशिष्ठ ज्ञान पुस्तकालय से प्राप्त होती है ।

**प्रवास ( पर्यटन ) के लिए पाँच सौ रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।**

+

**दिनांक** :20–04–2018

**पूज्य पिताजी ,**

**सादर प्रणाम** ।

मैं यहाँ सकुशल हूँ । आशा है कि आप भी सकुशल होंगे ।

GHS BALEHOLE

मेरी पढाई अच्छी तरह चल रही है । इस साल हमारी पाठशाला में शैक्षणिक प्रवास रखे है । अध्ययन की दृष्टी से यह बहुत उपयुक्त है , इसलिए कृपया आप अनुमति देते हुए 500/- रुपये भेजने की कृपा करे ।

माताजी को मेरा प्रणाम, छोटी बहन सविता को ढेर सारा प्यार ।

**आपका आज्ञाकारी पुत्र**

**नारायण**

**सेवा में,**

रविचंद्रन
घर नंबर. 625
कलाम नगर
मैसूर

**तीन दिन की छुट्टि माँगते हुए अपने प्रधानाध्यपक जी को एक पत्र लिखिए।**

**प्रेषक ,**

दिनांक : 20-04-2018

ममता
दसवीं कक्षा
सर्कारी प्रौढशाल
मूडिगेरे

**सेवा में,**

प्रधानाध्यपक जी
सरकारी हाईस्कूल
मूडिगेरे

GHS BALEHOLE

**आदरणीय महोदय ,**

**विषय : तीन दिन की छुट्टी मांगते हुए पत्र ।**

गुरूजी आप से निवेदन है कि दिनांक 21–04–2018 से 23–04–2018 तक अपने भाई की शादी में भागा लेने के लिए बेंगलूर जाना है इसलिए कृपया आप इन तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करे ।

**धन्यवादों के साथ**

**अभिभावक के हस्ताक्षर**
परमेश

**आपका आज्ञाकारी छात्रा**
ममता

GHS BALEHOLE

**अपनी ( पढाई ) परीक्षा की तैयारी के बारे में अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।**

**दिनांक** :20–04–2018

**पूज्य पिताजी ,**

**सादर प्रणाम** ।

मैं यहाँ सकुशल हूँ । आशा है कि आप भी सकुशल होंगे ।

मेरी पढाई अच्छी तरह चल रही है। हमारे शिक्षक वृंद भी बडी अच्छी तरह पढा रहे हैं ।
मुझे विश्वास है कि इस साल मै अधिक अंक पाकर प्रथम श्रेणि में उत्तीर्ण हो जाउँगा

माताजी को मेरा प्रणाम, छोटी बहन सविता को ढेर सारा प्यार ।

**आपका आज्ञाकारी पुत्र**
नारायण

| |
|---|
| **सेवा में,**<br>रविचंद्रन<br>घर नंबर. 625<br>कलाम नगर<br>मैसूर |

GHS BALEHOLE

**अपनी ( पढाई ) परीक्षा की तैयारी के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।**

**दिनांक** :20–04–2018
बेंगलूर –06

**प्रिय मित्र, रमेश ।**

मैं यहाँ सकुशल हूँ । आशा है कि आप भी सकुशल होंगे ।

मेरी पढाई अच्छी तरह चल रही है। हमारे शिक्षक वृंद भी बडी अच्छी तरह पढा रहे है। मुझे विश्वास है कि इस साल मै अधिक अंक पाकर प्रथम श्रेणि में उत्तीर्ण हो जाउँगा । अपनी पढाई के बारे में भी एक पत्र लिखो ।

**तुम्हारा मित्र**

शशांक

**सेवा में,**

मंजुनाथ
घर नंबर. 625
कलाम नगर
मैसूर

GHS BALEHOLE

**उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र , वर्गावण ( स्कूल छोडने का ) प्रमाण पत्र , और चरित्र प्रमाण पत्र माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए।**

**प्रेषक ,** **दिनांक** : 20–05–2018

प्रसन्न
दसवीं कक्षा
सर्कारी प्रौढशाल
मूडिगेरे

**सेवा में,**

प्रधानाध्यपक जी

सरकारी हाईस्कूल
मूडिगेरे

**आदरणीय महोदय ,**

**विषय : प्रमाण पत्र मांगते हुए पत्र ।**

गुरूजी आप से निवेदन है कि मेरे पिताजी का तबदाला मैसूर में हो गया है । उनके साथ मुझे भी जाना होगा ।

इसलिए आपसे निवेदन करता हूँ कि मुझे दसवी कक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र , वर्गावण ( स्कूल छोडने का ) प्रमाण पत्र देने की कृपा करे ।

**धन्यवादों के साथ**

**दिनांक** :20–05–2018 **आपका आज्ञाकारी छात्र**

प्रसन्न

GHS BALEHOLE